Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 24 | शुक्रवार, 24 जनवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## झूठ बोलने के कंपटीशन में फर्स्ट आएंगे केजरीवाल

# जेपी नड्डा बोले, आप-दा सरकार ने तोड़े भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड

नई दिल्ली।

नड्डा ने कहा कि मैं आज यहां जो आप सभी में जोश, उमंग और उत्साह देख रहा हूं, उससे स्पष्ट हो रहा है कि आपने कमल खिलाने का संकल्प ले लिया है। इसके साथ ही आपने आम आदमी पार्टी (आप-दा) को उखाड़ फेंकने का भी संकल्प ले लिया है।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आम आदमी पार्टी (आप) की तीखी आलोचना करते हुए उन पर दिल्ली में उनके एक दशक लंबे शासन के दौरान अभूतपूर्व भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उत्तम नगर में अपने संबोधन के दौरान नड्डा ने कहा कि मैं आज यहां जो आप सभी में जोश, उमंग और उत्साह देख रहा हूं, उससे स्पष्ट हो रहा है कि आपने कमल खिलाने का संकल्प ले लिया है। इसके साथ ही आपने आम आदमी पार्टी (आप-दा) को उखाड़ फेंकने का भी संकल्प ले लिया है। केजरीवाल और उनकी पार्टी पर वार करते हुए नड्डा ने कहा कि पिछले 10 सालों में आम आदमी पार्टी ने जिस तरीके से दिल्ली में भ्रष्टाचार किया, जिस तरीके के दिल्ली को तकलीफ में डाला। मैं कह सकता हूं कि इस आप-दा सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि जो भ्रष्टाचार से लड़ने के नाम पर सरकार में आया था, उसी ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। उन्होंने कहा कि इस आप-दा सरकार ने शिक्षा की बात कही, लेकिन शिक्षा को छोड़कर शराब के घोटाले में पड़ गए और 2,800 करोड़ रुपए का घोटाला किया। इसी तरह इन्होंने पानी देने की बात कही, लेकिन कभी इन्होंने दिल्ली की जनता को साफ पानी नहीं दी और जल बोर्ड में 28 हजार करोड़ रुपए का घोटाला कर दिया। अपना वार जारी रखते हुए नड्डा ने कहा कि इसी तरह अअढ-दा सरकार ने 300 करोड़ रुपए का दवाई घोटाला किया। इसी तरह इन्होंने स्कूल की बात की और 1300 करोड़ रुपए का क्लासरूम घोटाला कर दिया। इसी तरह 500 करोड़ रुपए का पैनिक बटन घोटाला किया।



**5,400**

**करोड़ रुपए का राशन कार्ड घोटाला किया।**

## योगी के नक्शे कदम पर चली गुजरात सरकार

# राज्य में हिंदू नाम से होटल चलाने वाले मुसलमानों के वाहन स्टॉपेज लाइसेंस रद

अहमदाबाद।

गुजरात में विभिन्न हिंदू नामों से होटल और रेस्टोरेंट खोलकर राज्य परिवहन निगम से बस और वाल्वो के स्टापेज हासिल करने वाले मुस्लिम समुदाय के 27 होटलों के लाइसेंस रद कर दिए गए हैं।

राज्य में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बीते एक वर्ष में हिंदू नामों से अनेक होटल और रेस्टोरेंट खोलकर राज्य परिवहन निगम से बसों व वॉल्वो के स्टापेज के लाइसेंस प्राप्त कर लिए थे। गृह एवं परिवहन राज्यमंत्री हर्ष संघवी ने इस मामले के संज्ञान में आने के बाद फजीर्वाड़ा कर लाइसेंस प्राप्त करने वाले इन होटलों और रेस्टोरेंट के लाइसेंस रद करने के निर्देश दिए। अब निगम की स्टापेज सूची से इनके नाम हटा दिए गए हैं। कावड़ यात्रा के दौरान उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने दुकान, रेस्टोरेंट आदि पर उसके मालिक का नाम लिखने का आदेश दिया था। अब गुजरात सरकार भी इसी तरह के कड़े कदम उठा रही है। राज्य सरकार ने कार्रवाई के बाद विभिन्न मार्गों पर चल रहे इन होटलों और रेस्टोरेंट के नाम भी सार्वजनिक किए हैं। ये बसें अहमदाबाद, वडोदरा, राजकोट, पालनपुर, गोधरा, मेहसाणा, भुज, भरुच, नडियाद आदि शहरों के बीच चलती हैं। इन रूटों पर चलने वाली बसों व वॉल्वो के ठहराव के लाइसेंस होटल तुलसी, रंगोली, सर्वोदय, सहयोग, मारुति, गुरुकृपा, होटल आसोपालव, होटल वृंदावन, होटल श्रीजी, विशाला, होटल बसेरा, होटल सतीमाता, होटल शिवशक्ति, होटल रौनक, किस्मत काठियावाड़ी, होटल डायमंड, मानसी, प्राइम, स्वाजी आदि के मालिकों ने प्राप्त किए थे। इन होटलों के सभी मालिक मुस्लिम हैं, जिसके चलते इनके लाइसेंस रद कर दिए गए हैं।




## दिल्ली के दो धोखेबाजों ने साइबर अपराध से अर्जित 4,900 करोड़ विदेश भेजे

नई दिल्ली।

दोनों आरोपियों की पहचान पुनीत कुमार उर्फ पुनीत माहेश्वरी उर्फ जॉन (मोती नगर निवासी) और आशीष कक्कड़ उर्फ पाब्लो (ग्रेटर कैलाश निवासी) के रूप में हुई है। इन्हें पिछले साल संघीय एजेंसी ने गिरफ्तार किया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार खुलासा किया कि दिल्ली के दो साइबर अपराधियों ने विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) सुविधाओं का दुरुपयोग करके 4,900 करोड़ रुपये से अधिक की रकम विदेश भेज दी। दोनों आरोपियों की पहचान पुनीत कुमार उर्फ पुनीत माहेश्वरी उर्फ जॉन (मोती नगर निवासी) और आशीष कक्कड़ उर्फ पाब्लो (ग्रेटर कैलाश निवासी) के रूप में हुई है। ईडी ने बताया कि 17 जनवरी को इन दोनों के दिल्ली में नौ आवासीय फ्लैटों और हरियाणा के रेवाड़ी में कृषि भूमि के एक हिस्से को कुर्क करने के लिए आदेश जारी किया गया था।




## मौसम बदला...आज दिल्ली-यूपी में बारिश की संभावना

नई दिल्ली।

इस बार सर्दियों के मौसम में भी गर्मी ने अपने रिकॉर्ड बनाए हैं। बीते कुछ दिनों से खिल रही धूप के कारण दिल्ली और एनसीआर के लोगों को गर्माहट का अनुभव हो रहा है। बुधवार रात को हल्की वर्षा के बाद गुरुवार को फिर से धूप निकल आई, जिससे तापमान में कोई खास बदलाव नहीं हुआ, लेकिन यह सामान्य से अधिक दर्ज किया गया।

पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में भी दिन और रात के समय हल्का कोहरा देखा जा रहा है। वहीं, पहाड़ी राज्यों जैसे जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कई क्षेत्रों में मौसम शुष्क बना हुआ है। हिमाचल में इस बार कम वर्षा और हिमपात के कारण तापमान बढ़ रहा है। गुरुवार को ऊना में अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अरुणाचल प्रदेश में छिटपुट बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है। 24 जनवरी को पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में छिटपुट वर्षा और बर्फबारी की संभावना है। इसके अलावा, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में छिटपुट वर्षा की भविष्यवाणी की गई है। 23 और 24 जनवरी को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद और हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में शीत लहर की स्थिति रहने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश और बिहार में भी 23 जनवरी को ठंडे दिन की स्थिति का अनुभव हो सकता है।



### कई लोगों को लग रहा है कि सर्दी जल्दी खत्म हो जाएगी

इस दौरान सामान्य तापमान सबसे कम रहता है, लेकिन अबकी बार इस अवधि में औसत न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से दो डिग्री ज्यादा है। यह 2015–16 के बाद सबसे ज्यादा है। 19 जनवरी को मौसम में अचानक बदलाव आया और अधिकतम तापमान एक ही दिन में 5.5 डिग्री बढ़कर 25 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। इसके बाद से तापमान उच्च बना हुआ है, जिससे कई लोगों को लग रहा है कि सर्दी जल्दी खत्म हो जाएगी। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि शुक्रवार की सुबह ज्यादातर जगह स्मॉग और मध्यम श्रेणी का कोहरा रहने के आसार हैं। वहीं पंजाब में भी पिछले कुछ दिनों से लगातार तेज धूप निकलने से अधिकतम तापमान में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

## आग से निपटने के लिए 2.5 बिलियन डॉलर का राहत पैकेज



**नई दिल्ली।** लॉस एंजिलिस क्षेत्र में लगी आग से निपटने के लिए कैलिफोर्निया विधानमंडल ने बृहस्पतिवार को 2.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का अग्नि राहत पैकेज मंजूर किया। सांसदों ने भारी बहुमत से विधेयक को मंजूरी दी, जिसमें दोनों दलों का समर्थन रहा। कैलिफोर्निया के लॉस एंजिलिस क्षेत्र में लगी आग ने भारी तबाही मचाई है। इससे उबरने के लिए, कैलिफोर्निया विधानमंडल ने बृहस्पतिवार को 2.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का अग्नि राहत पैकेज मंजूर किया। सांसदों ने भारी बहुमत से विधेयक को मंजूरी दी, जिसमें दोनों दलों का समर्थन रहा। अब यह प्रस्ताव डेमोक्रेटिक गवर्नर गेविन न्यूजॉम के पास पहुंच गया है। इसके साथ ही, स्थानीय सरकारों के लिए घरों के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए 4 मिलियन डॉलर और स्कूलों के पुनर्निर्माण में मदद के लिए 1 मिलियन डॉलर की मंजूरी भी दी गई है।

## वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में ट्रंप ने दी धमकी

# बोले- अमेरिका में उत्पाद बनाएं या टैरिफ का सामना करने के लिए रहें तैयार

दावोस।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को उद्योगपतियों से कहा कि वे अपने उत्पाद अमेरिका में बनाएं। उन्होंने इसके लिए कम टैक्स की पेशकश की। उन्होंने धमकी भी दी कि ऐसा नहीं करने पर वे टैरिफ का सामना करने के लिए तैयार रहें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक को संबोधित करते हुए ट्रंप ने यह भी कहा कि वह सऊदी अरब और ओपेक से तेल की कीमतें कम करने के लिए कहेंगे। अगर कीमतें कम हुईं तो रूस-यूक्रेन युद्ध तुरंत समाप्त हो जाएगा। ट्रंप ने राष्ट्रपति का पद 20 जनवरी को संभाला उसी दिन वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की पांच दिवसीय वार्षिक बैठक शुरू हुई। उन्होंने कहा, मैं अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ी कर कटौती पारित करने जा रहा हूं, लेकिन अगर कोई उद्योगपति अमेरिका में अपने उत्पादों का निर्माण नहीं करता है, तो उसे टैरिफ का भुगतान करना होगा। मैं अमेरिका को विनिर्माण महाशक्ति और क्रिप्टो की विश्व राजधानी बनाऊंगा। ट्रंप ने कहा कि उनके दूसरे कार्यकाल के साथ अमेरिका का स्वर्ण युग शुरू हो गया है और पूरी दुनिया जल्द ही अधिक शांतिपूर्ण और समृद्ध होगी। ट्रंप ने यह भी कहा कि उनके प्रशासन ने चार दिनों में वह हासिल कर लिया है जो अन्य सरकारें चार साल में नहीं कर सकीं। ट्रंप ने कहा, पूरी दुनिया में खाद्य पदार्थों की कीमतें आसमान छू रही हैं। मैंने अमेरिका में महंगाई को नियंत्रित करने के लिए कार्रवाई की है। अमेरिका के पास दुनिया में सबसे अधिक तेल और गैस है। मैं इसका उपयोग करने जा रहा हूं। ट्रंप ने कहा कि वह जल्द ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य युद्ध को रोकना है। यह नरसंहार है। हमें युद्ध को रोकना होगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका शांति समझौता सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन कोई विवरण नहीं दिया इससे पहले ट्रंप ने अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन को चेताया है कि अगर रूस- यूक्रेन युद्ध समाप्त नहीं हुआ तो रूस को टैरिफ या अधिक शुल्क और प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा। ट्रंप ने बुधवार को अपने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट में रूसी राष्ट्रपति पुतिन का नाम लेकर कहा कि पुतिन के साथ उनके उनके हमेशा अच्छे संबंध रहे हैं, लेकिन अब इस युद्ध को समाप्त करने का समय आ गया है। ट्रंप ने कहा, युद्ध को खत्म करें। अगर मैं राष्ट्रपति होता तो यह युद्ध कभी शुरू नहीं होता। यह समझौते करने का समय है। उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि यदि जल्द ही युद्धविराम समझौता नहीं हुआ, तो उनके पास रूसी से निर्यात होने वाली वस्तुओं पर टैरिफ, कर और प्रतिबंध लगाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं होगा। इस बीच रूस ने गुरुवार को कहा कि नए प्रतिबंध और टैरिफ लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की धमकी में कोई नई बात नहीं है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्रि पेस्कोव ने कहा, हमें इसमें कोई खास बात नहीं नई बात नहीं दिख रही है। मास्को ट्रंप के बयानों पर नजर रख रहा है। हम बातचीत के लिए तैयार हैं, राष्ट्रपति पुतिन ने बार-बार कहा है कि पारस्परिक रूप से सम्मानजनक बातचीत होनी चाहिए।



## भारत दौरे पर पहुंचे इंडोनेशियाई राष्ट्रपति सुबियांतो

नई दिल्ली।

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो अपनी पहली भारत यात्रा पर गुरुवार रात नई दिल्ली पहुंचे। हवाई अड्डे पर विदेश राज्य मंत्री पाबित्रा मार्गेरिटा ने उनका स्वागत किया। सुबियांतो 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आए हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कहा, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो का भारत की पहली राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचने पर हार्दिक स्वागत है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा भारत-इंडोनेशिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगी। सुबियांतो की यात्रा के दौरान दोनों पक्षों द्वारा कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये जाने की उम्मीद है। वह भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने वाले चौथे इंडोनेशियाई राष्ट्रपति होंगे। इंडोनेशिया के पहले राष्ट्रपति सुकर्णो 1950 में भारत के पहले गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे।



## सीएम बीरेन सिंह ने कांग्रेस पर साधा निशाना

# 'पीवी नरसिंह राव नगा-कुकी संघर्ष के दौरान नहीं आए थे मणिपुर'

इंफाल।

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने मौजूदा संकट को लेकर कांग्रेस द्वारा राज्य सरकार की आलोचना पर सवाल उठाया है। उन्होंने पूछा कि क्या प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव ने 1992-97 में नगा और कुकी के बीच जातीय संघर्ष के दौरान मणिपुर का दौरा क्यों नहीं किया था? क्या प्रधानमंत्री 1993-97 में पैते और कुकी के बीच जातीय संघर्ष के दौरान यहां आए थे, जिसमें 300 से अधिक निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। मुख्यमंत्री सचिवालय में गुरुवार को प्रेस कांफ्रेस में उन्होंने विपक्ष की ईमानदारी पर सवाल उठाया और उन पर मणिपुर के हितों को प्राथमिकता देने में विफल रहने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री एन बीरेन ने कहा कि हम वर्तमान संघर्ष का ठोस समाधान चाहते हैं। यह महज एक राजनीतिक मुद्दा नहीं है। यह कांग्रेस द्वारा पैदा की गई एक पुरानी समस्या है।



## संपादक की कलम से

### उत्तराखंड में यूसीसी



ललित शर्मा
संपादक

उत्तराखंड समान नागरिक संहिता को लागू करने वाला देश का पहला राज्य होगा। सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने समान नागरिक संहिता नियमावली 2025 को मंजूरी दे दी है। इसके तहत विवाह, विवाह विच्छेद, उत्तराधिकार, लिव इन रिलेशन आदि के प्रावधान शामिल किए गए हैं। सरकार का दावा है कि यूसीसी के कुशल क्रियान्वयन के लिये अत्याधुनिक तकनीक आधारित व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। जिसके लिए नागरिकों व अधिकारियों के लिये ऑनलाइन पोर्टल तैयार किए गए हैं। यूसीसी के अंतर्गत विभिन्न पंजीकरण मसलन विवाह, तलाक, विवाह शून्यता, लिव इन रिलेशन, वसीयत आदि होंगे। सरकार ने त्वरित पंजीकरण के लिये अलग शुल्क भी निर्धारित किए हैं। सरकार का दावा है कि लिव इन रिलेशन के पंजीकरण व समाप्ति की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। एक साथी की ओर से समाप्ति के आवेदन पर दूसरे की पुष्टि अनिवार्य होगी। उल्लेखनीय है कि समान नागरिक संहिता के वेबपोर्टल के उपयोग की शुरूआत फिलहाल सरकार की मॉक ड्रिल का हिस्सा होगा। निस्संदेह, देश में पहली बार समान नागरिक संहिता को लागू करना उत्तराखंड सरकार का ऐतिहासिक कदम है। जो सभी धर्मों के व्यक्तिगत कानूनों को मानकीकृत करने के लक्ष्य को निर्धारित कर राज्य में समानता और न्याय की राह में कदम बढ़ाता है। हालांकि, कानून के विशेषज्ञ कुछ खमियों की ओर भी इशारा करते हैं। फाइलों में यह कोड एक साहसिक दृष्टिकोण को दशार्ता है। मसलन विवाह व लिव इन संबंधों का अनिवार्य पंजीकरण, बहुविवाह और निकाह हलाला पर प्रतिबंध और बच्चों के लिये समान विरासत अधिकार देता है, चाहे उनके माता–पिता की वैवाहिक स्थिति कुछ भी हो। दूसरे शब्दों में स्त्री के अधिकारों को संरक्षण प्रदान करके समतामूलक समाज की स्थापना का वायदा करता है। एक मायने में यह लैंगिक न्याय और प्रगतिशील सोच व आधुनिक मूल्यों का प्रतीक है। लेकिन जब हम इसके प्रावधानों का गहराई से मूल्यांकन करते हैं तो कई तरह की विसंगतियां सामने आती हैं। दरअसल,कई मुद्दों पर व्यापक विमर्श की कमी को लेकर भी सवाल उठते हैं। कुछ लोग समलैंगिक विवाहों की स्वीकार्यता के प्रश्न का जिक्र करते हैं। कुछ लोग कहते हैं कि यूसीसी के प्रावधानों में गोद लेने के कानूनों पर खामोशी क्यों है? सवाल यह है कि क्या ये प्रयास व्यापक सुधारों को अंजाम दे पाएंगे? या फिर ये महज पैचवर्क की कवायद मात्र है? सरकार की दलील है कि सांस्कृतिक रूप से संवेदनशीलता को ध्यान रखते हुए अनुसूचित जनजातियों को इसमें छूट दी गई है। सवाल उठाये जा रहे हैं कि क्या इससे समान नागरिक संहिता के आदर्श लक्ष्यों की पूर्ति होती है?

# नक्सलियों के खिलाफ चल रही निर्णायक मुहिम के मिलने लगे हैं बेहतर नतीजे

आमतौर पर नक्सली, आतंकवादी और अंडरवर्ल्ड के मास्टरमाइंड अपने पूरे जमात के साथ भारतीय गणतंत्र के लिए चुनौती समझे जाते हैं। इसलिए सुरक्षाबलों ने 76वें गणतंत्र दिवस से महज कुछ दिन पहले नक्सलियों के खिलाफ जो निर्णायक कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय ऑपरेशन चलाए हैं और एक दर्जन से ज्यादा नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया है, वह तिरंगे और संवैधानिक गणतांत्रिक व्यवस्था को सच्ची सलामी है। इसलिए देशवासियों की अपेक्षा है कि सुरक्षा बलों की यह कार्रवाई और अधिक तेज होनी चाहिए, क्योंकि ऐसा करके ही हम उनके नापाक हौसले को तोड़ सकते हैं।

देखा जाए तो चाहे अंतर्राष्ट्रीय थल या समुद्री सीमा से सटे प्रदेश हों या हमारे आंतरिक प्रदेश, यहां पर नक्सलियों, आतंकवादियों और अंडरवर्ल्ड सरगनाओं की मौजूदगी और उनके मार्फत जब-तब होते रहने वाली हिंसात्मक घटनाएं एक ओर जहां शासन व्यवस्था और अमनपसंद लोगों को मुंह चिढ़ाती हैं, वहीं दूसरी ओर धनी लोगों के भयादोहन का कारण भी बनती हैं। चूंकि अवैध मानव व वस्तु तस्करी, ड्रग्स सिंडिकेट, अवैध हथियारों के कारोबार, फिरौती, विवादास्पद सम्पत्तियों की खरीद-फरोख्त आदि से इनके तार जुड़े होते हैं, इसलिए सफेदपोश नेताओं-समाजसेवियों-कथित अधिकारियों-उद्योगपतियों आदि के माध्यम से इनके सरगना भी परस्पर मिले हुए होते हैं।

आम धारणा रही है कि इनके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई इसलिए भी नहीं हो पाती है, क्योंकि क्षेत्रीय दलों और स्थानीय नेताओं से इनकी गुप्त सांठगांठ रहती है! और यही इनके तार कथित राष्ट्रीय नेताओं और अर्बन नक्सलियों-अपराधियों-आतंकवादियों के सिंडिकेट तक से जोड़ते हैं। यही वजह है कि प्रशासन भी सियासी कारणों के चलते इनके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई नहीं कर पाता है। वहीं, जम्मू-कश्मीर, पंजाब से लेकर उत्तर-पूर्वी राज्यों की आतंकी घटनाएं हों, या झारखंड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र व बिहार की नक्सली घटनाएं, या फिर बड़े महानगरों से लेकर जिलास्तरीय शहरों की अंडरवर्ल्ड वारदातें, इनके तार परस्पर जुड़े बताए जाते हैं।

कहना न होगा कि इनमें से कई राज्यों में क्षेत्रीय दलों की मजबूती के पीछे भी इनकी राष्ट्रविरोधी सोच होती हैं, जिन्हें बरास्ता नेपाल, पाकिस्तान व चीन का भी संरक्षण हासिल होता है। वहीं, कांग्रेस समेत कई बड़े क्षेत्रीय दल भी इनके नेक्सस के समक्ष घुटने टेक चुके हैं। जबकि इन सभी बातों से उलट केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रवादी भाजपा नीत एनडीए की सरकार और उड़ीसा-छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र की भाजपा प्रदेश सरकारों की संगठित अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति से प्रोत्साहित होकर सुरक्षा बलों ने स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त रणनीति बनाकर नक्सलियों-दुर्दांत अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का जो बीड़ा उठाया है, उसकी एक झलक ताजा कार्रवाई से मिलती है।

गौरतलब है कि भारत में नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियान को एक और बड़ी सफलता तब मिली, जब गत दिनों ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बॉर्डर क्षेत्र में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (उफढ्रऋ), छत्तीसगढ़ के एसओजी (स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप) और ओडिशा पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन के दौरान 14 नक्सलियों को मार गिराया गया। इस कार्रवाई में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की ओर से की गई त्वरित और रणनीतिक कार्रवाई को एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। इस ऑपरेशन में बड़ी संख्या में हथियार और बाकी सामग्री भी बरामद की गई जो नक्सली गतिविधियों को और बढ़ावा दे रही थी।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, सुरक्षा बलों के इस संयुक्त ऑपरेशन में नक्सल आंदोलन का एक प्रमुख सरगना, जयराम चलपती को ढेर किया गया। क्योंकि जयराम को नक्सली हिडमा का गुरु माना जाता था और नक्सली गतिविधियों में उसकी अहम भूमिका थी। जयराम पर 1 करोड़ रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। क्योंकि सुरक्षा एजेंसियों के लिए जयराम की तलाश एक बड़ी चुनौती थी। ऐसा इसलिए कि वह नक्सलवादी समूहों के लिए एक अहम रणनीतिक सोच के रूप में काम करता था। उसकी मृत्यु से न केवल छत्तीसगढ़ और ओडिशा बल्कि पूरे देश में नक्सलवादी आंदोलन को एक बड़ा झटका लगा है।

बताया जाता है कि इस ऑपरेशन को सफल बनाने में छत्तीसगढ़, ओडिशा और तेलंगाना की राज्य



सरकारों ने अहम भूमिका निभाई है। इन तीनों राज्यों की पुलिस और सुरक्षा बलों ने मिलकर जयराम और उसके साथी नक्सलियों के खिलाफ लंबे समय से सख्त अभियान चलाया था। यही वजह है कि गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्वीट कर इस सफलता पर बधाई दी और सुरक्षा बलों की कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये नक्सल मुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में एक और अहम कदम है।

बता दें कि भारत सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि देश को नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त किया जाए। ये ऑपरेशन उस दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है जो सुरक्षा बलों और सरकार के प्रयासों से नक्सलवाद के खात्मे की ओर बढ़ रहा है। समझा जा रहा है कि जयराम की मौत के बाद अब नक्सलियों के मनोबल को भारी झटका लगेगा और उन्हें पुनः अपनी ताकत को संगठित करना मुश्किल होगा। सुरक्षा बलों की ये सफलता न केवल एक बड़ी सैन्य जीत है बल्कि ये देश के नागरिकों के लिए एक संदेश भी है कि नक्सलवाद का खात्मा अब बिल्कुल नजदीक है।

बता दें कि एक साल पहले गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद को खत्म करने के रोडमैप को जो हरी झंडी दी थी, उसके तहत एनआईए ने नक्सलियों के खिलाफ कुल 96 मामलों की जांच कर रही है। उनकी राजनीतिक इच्छा शक्ति और सटीक रणनीति का ही यह तकाजा है कि हाल ही में 14 नक्सली एक मुठभेड़ में मारे गए हैं। उल्लेखनीय है कि एक साल पहले 21 जनवरी 2024 को गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रायपुर में छत्तीसगढ़ के शीर्ष नेतृत्व एवं सुरक्षा बलों के प्रमुखों के साथ बैठक की थी, जिसमें नक्सलवाद को खत्म करने के रोडमैप को हरी झंडी दी थी। वहीं, छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के विपरीत नवनियुक्त विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने इस रोडमैप को अमली जामा पहनाने की राजनीतिक इच्छाशक्ति प्रदर्शित की, जिसका बेहतर नतीजा सबके सामने है। गौरतलब है कि नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए बनाए गए अमित शाह के रोडमैप में तीन अहम बिंदू हैं। पहला, नक्सलियों के कोर इलाके में सुरक्षा बलों की अग्रिम चौकियां स्थापित कर सुरक्षा गैप को भरना, दूसरा, मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून का इस्तेमाल कर ईडी की मदद से नक्सलियों को मिलने वाली फंडिंग के स्त्रोत को पूरी तरह से बंद करना, और तीसरा गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून का इस्तेमाल पर नक्सली गतिविधियों में शामिल आरोपियों के खिलाफ एनआईए की जांच कराकर कड़ा सजा सुनिश्चित करना। कहना न होगा कि तीनों ही फ्रंट में राज्य प्रशासन के सहयोग से बेहतरीन काम हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार, वर्ष 2019 के बाद सुरक्षा बलों की 290 अग्रिम चौकियां स्थापित की गईं, जिनमें अकेले साल 2024 में 58 अग्रिम चौकियां स्थापित करना शामिल हैं। वहीं, इस साल 2025 में सुरक्षा बलों की कुल 88 अग्रिम चौकियां स्थापित करने का लक्ष्य है। इसके अलावा, राज्य सरकारें, ईडी और एनआईए ने नक्सल फंडिंग से जुड़ी 72 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त की है। वहीं, एनआईए ने नक्सलियों के खिलाफ कुल 96 मामलों की जांच कर रही है, जिनमें 56 मामले पिछले तीन साल में दर्ज किये गए। इनमें से 77 मामलों में चार्जशीट भी दाखिल हो चुकी है।

एक्सपर्ट बताते हैं कि कहने को अग्रिम सुरक्षा चौकियों का गठन छोटी बात लग सकती है, लेकिन नक्सलियों के खिलाफ अभियान में यह कारगर रणनीति साबित हो रही है। क्योंकि अग्रिम सुरक्षा चौकियां बनने से उसके तीन-चार किलोमीटर के दायरे में नक्सलियों के लिए अपनी गतिविधि चलाना संभव नहीं रहता है। वहीं, दूसरी बात यह है कि इन चौकियों के सहारे सरकारी तंत्र और लोक कल्याणकारी व विकास योजनाएं भी ग्रामीणों तक पहुंच रही है। वहीं, गृहमंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक अबूझमाड़ से लेकर दंडकारण्य और उससे आगे तक फैले नक्सल प्रभाव वाले पूरे इलाके में हर तीन-चार किलोमीटर पर एक सुरक्षा अग्रिम चौकी स्थापित कर करने का लक्ष्य रखा है। क्योंकि इन अग्रिम चौकियों का ही कमाल है कि वर्ष 2023 में जहां मात्र 50 नक्सलियों को मार गिराया गया था, वहीं उसकी तुलना में साल 2024 में 290 नक्सली मारे गए हैं। यही नहीं, इस साल 2025 में 21 जनवरी तक 48 नक्सली मारे जा चुके हैं। इससे स्पष्ट है कि वर्ष 2025 में स्थापित होने वाले नए 88 अग्रिम सुरक्षा चौकियों की स्थापना से सुरक्षा बलों के आपरेशन की ताकत में और इजाफा होगा। वहीं, अगले साल 2026 में प्रस्तावित सभी सुरक्षा चौकियों के बनने के बाद नक्सलियों के पास अपनी गतिविधि चलाने को कोई भी सुरक्षित क्षेत्र ही नहीं बचेगा। यही वजह है कि उसके बाद ही नक्सलवाद के खात्मे का एलान किया जाएगा। इससे साफ है कि अमित शाह की सटीक रणनीति ने बाजी उनके पक्ष में पलटती जा रही है, जिससे एक सफल गृहमंत्री के रूप में उनके नाम का शुमार किया जाने लगा है। बताया जाता है कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बल के जवानों ने जो अभियान छेड़ रखा है, उसकी अनवरत कार्रवाइयों और सटीक रणनीति के कारण एक साल भीतर ही नक्सलियों के हौसले पस्त होते नजर आ रहे हैं। **- कमलेश पांडेय**

## मोनिका डागा
## तीर्थराज प्रयाग
## कविता



जीवन धर्म की रक्षा हेतु लगी पूर्ण महाकुंभ में भीड़,
दुनिया उमड़ पड़ी सारी हे तीर्थराज प्रयाग हरो पीड़,
दु :ख दर्द, व्याधियां सता रही सुख रहित हुआ नीड़,
आंतरिक शांति खो गई चैतन्य करो सुख का सीड़ ।

डुबकी लगाओ संगम में सुनहरा मौका तारने आया,
शुद्ध हो तन मन प्रभु ने ₹आनंद₹ अमृत ये बरसाया,
सनातन संस्कृति का जयघोष सम्पूर्ण विश्व में छाया,
विदेशी रंगे भगवा रंग में छोड़ सांसारिक धन माया ।

कल्पवास का कठिन प्रण लें योगीजन साधना करें,
भाग्यशाली वे गंगा तीरे माघ मास महात्म गान करें,
बाह्य मायावी दुनिया के मोह जंजाल से होके यूं परे,
भीतर अलौकिक ज्योति पुंज की दिव्य साधना करें ।

परम पूजनीय है साधु–संत ऋषि, सिद्धांत्मा तपस्वी,
महान भारतवर्ष, महान है सनातन धर्म मुनि मनस्वी,
दीघार्यु आरोग्यता शांति पुण्यात्मा बनो हे जनस्वी,
योग तप साधना से विकार मुक्त, हो जाओ यशस्वी ।

आस्था दृढ़ विश्वास से ईश्वर का करों स्मरण ध्यान,
तीर्थ की परम पवित्रता से सुखमय हो जीवन त्राण,
जिसने पाया अद्वितीय सुख खिले यूं ₹आनंद₹ प्राण,
राम नाम से मोम बन पिघल जाते दुख रूपी पाषाण ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढांचा 2023 से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व जिम्मेदार नागरिक नीति पर जोर



गोंदिया
**वेलकम इंडिया**

वैश्विक स्तरपर हर देश का विकास तभी संभव होगा जब उस देश में शिक्षित नागरिकों का अधिक प्रतिशत हो,उनका हृदय दिलों दिमाग से जिम्मेदार नागरिक होने का जज्बा व जांबांजी हो तो उस देश के विकास को कोई नहीं रोक सकता। मेरा मानना है कि यह उस देश की शिक्षा नीति व पाठ्यक्रम ढांचा नीति पर निर्भर करता है ।अमेरिका में निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने हर चुनावी सभाओं में संघीय शिक्षा विभाग की निंदा करते नजर आए, अब अनुमान है कि संघीय शिक्षा मंत्रालय को बंद कर राज्यों को इसका पूर्ण अधिकार दिया जा सकता है, इसलिए ही उन्होंने शिक्षा विकास की जिम्मेदारी पेशेवर रेसलर इंटीरियर की सीईओ को सौंपी है,यांने अब अमेरिकी एजुकेशन पॉलिसी चेंज हो सकती है, इधर भारत में भी संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधि ने बयान दिया है कि, भारत के विकास का विजन 2047 तभी पूरा हो सकता है,जब स्कूलों में बच्चों को न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की भी प्रेरणा मिले ।हम देखते हैं कि आज शिक्षा का स्तर 50 वर्ष पूर्व से अपेक्षाकृत कम हुआ है जिसका उदाहरण है कि पुराने जमाने के लोग किसी भी कैलकुलेशन का जवाब झट से दे देते हैं जबकि अभी के युवाओं को कैलकुलेट की जरूरत पड़ती है। आज स्कूलों में भी किसी विषय को सिर्फ पढ़कर समझाया जाता है प्रैक्टिकल रूप से नहीं समझाया जाता, मैं अपने स्कूल का 1977 का वाक्या बताना चाहूंगा जब मैं छठवीं कक्षा में था हमारे हिंदी के टीचर श्री भूरेलाल के पटले ने मुझे बुलाया और एक मजबूत धागा देकर तोड़ने के लिए कहा मैंने तोड़ दिया फिर उन्होंने उसे जोड़ने के लिए कहा मैंने गांठ बांध दी, बस! उन्होंने इसपर समझाया, रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो चटकाय, टूटै से फिर ना मिलै,मिलै गांठ पड़ जाए, और हमें बताया रिश्तो नातों दोस्तों संबंधों को प्यार मोहब्बत से सहेज कर रखने की जरूरत है,थोड़ा सा भी रिश्ता बिगड़ा तो वह पहले जैसा नहीं रहेगा जैसे इस धागे में गांठ पड़ी दिखाई दे रही है ।हमारे पूरे क्लास को आज भी रिश्ते सहेज कर रखने की यह सीख याद है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढांचा 2023 में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा वजिम्मेदार नागरिक नीति पर जोर देना जरूरी है।

साथियों बात कर हम नई दिल्ली में आयोजित राइजअप 4 पीसी नीति बैठक की करें तो एनसीईआरटी और यूएनओडीसी साउथ एशिया की तरफ से आयोजित राइजअप4पीस नीति सलाहकार बैठक में 70 से अधिक नीति-निमार्ताओं, शिक्षकों और युवा नेताओं ने भाग लिया। इस दौरान नीति निमार्ताओं, शिक्षकों और छात्रों ने पाठ्यक्रम में सुधार, अच्छे अभ्यास और नए विचारों पर चर्चा की ।एनसीईआरटी के संयुक्त निदेशक ने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे क्षमताओं का निर्माण करें और मूल्य आधारित शैक्षिक मॉड्यूल विकसित करें। उन्होंने कहा,एनईपी 2020 और एनसीएफ 2023 शिक्षा को एक अधिक न्यायपूर्ण और शांतिपूर्ण समाज के लिए सेतु के रूप में देखते हैं। ऐसे सहयोग दृष्टि को क्रियान्वयन में बदलते हैं। इस चर्चा में यह स्पष्ट हुआ कि शिक्षा को बदलने के लिए पूरे समाज का सहयोग जरूरी है,जहां नीति निमार्ता शिक्षक और छात्र समान भागीदार हों। इस दिशा में प्रयास संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करें। इस पहल ने इस वर्ष 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 30 हजार से अधिक भागीदारों को शामिल किया है ।इसमें शिक्षकों का प्रशिक्षण, स्कूल आधारित पहल और छात्रों के लिए गतिविधि-आधारित शिक्षण शामिल है ।कला, प्रौद्योगिकी और खेल का उपयोग करके छात्रों को सशक्त बनाने के लिए अभिनव हस्तक्षेप किए गए। यह पहल युवाओं को नकारात्मक प्रभावों, नई कमजोरियों और जोखिमपूर्ण व्यवहारों का विरोध करने के लिए जागरूक और सशक्त बनाने पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि पीएम की तरफ से कल्पित विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा मिले ।परिवर्तन के वाहक के रूप में भारत के विद्यार्थियों की विपुल क्षमता का उल्लेख करते हुए देश में संयुक्त राष्ट्र के स्थानीय समन्वयक ने कहा है कि विकसित भारत का सपना यह सुनिश्चित करने पर टिका है कि विद्यालय में बच्चों को न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, बल्कि उन्हें कल के जिम्मेदार आदर्श नागरिक बनने के लिए भी संवेदनशील बनाया जाए।

साथियों बात अगर हम भारत में संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधि के विचारों की करें तो उन्होंने एक बयान में कहा, कि विकसित भारत का सपना तभी पूरा हो सकता है, जब स्कूलों में बच्चों को न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, बल्कि उन्हें जिम्मेदार और आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया जाए ।भारत के 26.52 करोड़ छात्रों में बदलाव के प्रेरक बनने की जबरदस्त क्षमता है ।उन्होंने समावेशी और शांतिपूर्ण समाज बनाने में गुणवत्तापूर्ण और मूल्यों पर आधारित शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। यह पहल युवाओं को नकारात्मक प्रभावों, नई कमजोरियों और जोखिमपूर्ण व्यवहारों का विरोध करने के लिए जागरूक और सशक्त बनाने पर केंद्रित है ।उन्होंने बताया कि पीएम की तरफ से कल्पित विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा मिले। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी) और राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढांचा 2023 (एनसीएफ) इस बात को स्वीकार करते हैं कि जिम्मेदार नागरिकों को तैयार करना, जो शांति और सद्भाव में योगदान दे सकें, अत्यंतआवश्यक है। इस महत्वाकांक्षा के वास्ते शिक्षा के पारंपरिक दायरे से आगे जाना होगा-इसके लिए कक्षाओं, स्कूलों और समुदायों में शैक्षिक हस्तक्षेप की पुनःकल्पना की जरूरत है ।बयान में कहा गया है कि भारत में चहलपहल वाली कई कक्षाओं में,एक शक्तिशाली आंदोलन चुपचाप आकार ले रहा है,एक ऐसा आंदोलन जो शिक्षा के माध्यम से शांति, कानून के प्रति निष्ठा और समावेशन को बढ़ावा देता है ।बयान में कहा गया है कि इस आंदोलन के केंद्र में सिर्फ.नीति निमार्ता, शिक्षक या संस्थान ही नहीं हैं, बल्कि युवा लोग हैं जो बदलाव के सबसे महत्वपूर्ण वाहक के रूप में खड़े हैं ।भारत के शीर्ष पाठ्यक्रम निकाय, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) और यूएनओडीसी दक्षिण एशिया द्वारा यहां आयोजित राइजअप4पीस नीति नामक परिचर्चा में पहल की प्रासंगिकता और प्रभाव पर जोर देते हुए, 70 से अधिक नीति-निमार्ताओं, शिक्षकों और युवा चैंपियनों ने शिक्षा में शांति, समावेशन और कानून के प्रति को बढ़ावा देने के लिए एक रोडमैप तैयार किया जैसा कि एनईपी 2020 और एनसीएफ 2023 में परिकल्पित है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढांचा 2023 से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व जिम्मेदार नागरिक नीति पर जोर ।विजन 2047 के आधार स्तंभों में शिक्षा की गुणवत्ता व जिम्मेदारनागरिक का महत्वपूर्ण रोल ।संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधि का विकसित भारत का सपना स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व जिम्मेदार नागरिक बनने पर निर्भर है,सटीक विश्लेषण है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यो/परियोजनाओं की हुई समीक्षा



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में 50 लाख से उपर की निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें, गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए इसे कार्यदायी संस्थाएं पूरी गंभीरता से लें।

उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु धनराशि प्राप्त हो गई है उन परियोजनाओं का कार्य निश्चित समयावधि के अंतर्गत कार्यदायी संस्थाएं पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिन कार्यों को पूर्ण कराने में बजट की आवश्यकता हो उसके लिए शीघ्र अतिशीघ्र प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजे जिससे कि कार्य में बाधा न उत्पन्न हो व निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराया जा सके। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गई हैं उनको संबंधित विभाग को हैंड ओवर कर दिया जाए।

इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजय कुमार श्रीवास्वत, उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा, पीडब्लूडी अधिशाषी अभियंता आर के पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार मिश्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार, ए0डी0एस0टी0ओ0 रवीन्द्र यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

## वर्तमान सरकार में धर्म के नाम पर नफरत बढ़ती जा रही है: डॉ. मुहम्मद अयूब

**संतकबीरनगर।** विकास खण्ड खलीलाबाद क्षेत्र के नेशनल हाइवे स्थित पीस पार्टी के कार्यालय एकता भवन धौरहरा में गुरुवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर मोहम्मद अयूब सर्जन ने पार्टी के नये पदाधिकारियों का एलान करते हुये पत्रकारों से वार्ता करते हुये कहा कि उनका संगठन बूथ स्तर पर मजबूत हो जिससे जनता की समस्याओं का समाधान निकाला जिसके ।दलित,पिछड़ा,अगड़ा हर समाज, हर वर्ग, हर धर्म के लोगो को जोड़कर समरसता का माहौल बनाकर लोगो की समस्याओं को हल कराया जाये ।इसके लिये संगठन में युवा लोगों को जोड़कर इसकी जिम्मेदारी दी गयी है। आगे कहा कि बर्तमान सरकार में धर्म के नाम पर नफरत बढ़ती जा रही है, बेरोजगारी, मंहगाई, भ्ष्टार्चार, बढ़ गया है ।ओछी राजनीति होरही है,जिससे सत्ता पर काबिज होसके। आगे कहा कि सिर्फ जिले में ही नही पूरे प्रदेश के विभिन्न विधान सभाओं में दौरा कर लोगों की समस्याओं से रूबरू होने के साथ ही वहीं पर रात्रि निवास भी किया जाराहा है।

## हाथरस में सनसनीखेज वारदात :

# भतीजे ने चाचा के घर आकर आधी रात को तेज धार हथियार से दो मासूम बहनों की हत्या

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** जिले में बुधवार को देर रात्रि में हुई घटना ने लोगों के दिलों को झकझोर कर रख दिया। यहां पर एक भतीजे ने अपने चाचा के घर आकर चार लोगों पर जानलेवा हमला किया जिसमें दो बहनों की हत्या हो गई। जबकि पति पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल हालत में पति-पत्नी को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने दोनों को गंभीर घायल हालत में अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने दोनों मासूम बच्चियों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना की गंभीरता देखते हुए जिले के एसपी, एएसपी,सहित अन्य पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम की मदद से पुलिस घटना की छानबीन करने में जुट गई।

सदर कोतवाली क्षेत्र के आगरा रोड स्थित आशीर्वाद धाम कॉलोनी में एक प्रोफेसर छोटे लाल पुत्र कल्लू अपने परिवार के साथ रह रहे थे। मूलरूप से प्रोफेसर फतेहपुर जिले के रहने वाले हैं। वह फिलहाल कोतवाली चन्दपा क्षेत्र के गांव मितई स्थित जवाहर इंटर कॉलेज में प्रोफेसर के पद पर तैनात हैं। और वह पैरालिसिस बीमारी से ग्रस्त थे और घर पर ही रह रहे थे। इनके रिश्ते का एक भतीजा अपने अन्य साथी के साथ इनके आवास पर आया। जब परिवार खाना खाकर सो गया तभी करीब रात्रि के डेढ़ बजे से 2 बजे के बीच में उसने और एक अन्य साथी ने प्रोफेसर की दोनों बेटियों की हत्या कर दी। दंपती के गले पर चोटें आई हैं। मृतक बेटी श्रृष्टि 12 और विधि छह साल की बताई गई है।

इस मामले में मुकदमा दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी गई है। घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक चिरंचीव नाथ सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि आधी रात को थाना कोतवाली क्षेत्र के आशीर्वाद धाम कॉलोनी में प्रोफेसर छोटेलाल अपनी पत्नी वीरांगना और दो बेटियों के साथ रहते थे। पिछले एक साल से उनकी तबियत ठीक नहीं थी इसलिए वह बेड पर ही थे। इनके रिश्ते का एक भतीजा अपने अन्य साथी के साथ इनके आवास पर आया। जब परिवार खाना खाकर सो गया तभी करीब रात्रि के डेढ़ बजे से 2 बजे के बीच में उसने और एक अन्य साथी ने प्रोफेसर की दोनों बेटियों की हत्या कर दी। दंपती के गले पर चोटें आई हैं। इस मामले में मुकदमा दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी गई है।

# यातायात पुलिस द्वारा स्कूली बच्चो को किया गया जागरुक



**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद/ यातायात अजीत चौहान के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात परमहंस ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर हीरालाल इंटर कालेज के एनसीसी व स्काउट के बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलायी तथा शिक्षकों व अधिकारीगणों की उपस्थिति में गोला बाजार से बरदहिया चौकी तक यातायात जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला बनाई ।यातायात जागरुकता बढ़ाने हेतु स्कूल के अध्यापको की उपस्थिति में यातायात जागरुकता के नियमों के बारें में जागरुक करते हुए दो पहिया वाहन चलाते समय नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने, तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने के बारे में बताया गया तथा अपने परिवार / रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने की भी अपील की गयी ।

# जुआ खेलते 4 जुआरी गिरफ्तार



**सहपऊ।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार जुआ-सट्टे की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सादाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना सहपऊ पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए 4 अभियुक्तों को हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते समय गिरफ्तार किया गया है । जिनके कब्जे से 2,805 रुपए नगद व 52 पत्ता ताश बरामद हुए है । पुलिस ने विपिन पुत्र राममुर्ति लाल निवासी पुराना थाना कस्वा व और नसीम पुत्र सुवेदार मोहल्ला कोरियान, आकाश पुत्र अमृतलाल निवासी मोल्ला जाटव पुरी नई बस्ती और रामपाल पुत्र अनेक सिह निवासी मोहल्ला बजरिया कस्वा व थाना सहपऊ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मोहनपुरी स्वामी का महामण्डलेश्वर पद पर किया गया अभिषेक

वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** तलहटी के बड़ी परिक्रमा मार्ग स्थित योगेश्वर आश्रम के महंत स्वामी मोहनपुरी का पंचायती अखाड़ा महानिमार्णी द्वारा श्री श्री 1008 योगेश्वर पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर पद पर अभिषेक किया गया। इस अवसर पर धर्म ध्वजा के नीचे बैठाकर अभिषेक किया गया। 21 ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चार किया।

इसके बाद महानिवार्णी अखाड़े के पीठाधीश्वर स्वामी विशोकानंद भारती, अटल अखाड़े के पीठाधीश्वर स्वामी विश्वात्मानंद, महानिवार्णी अखाड़े के महासचिव महंत रविंद्रपुरी, सचिव महंत यमुनापुरी, महंत रमेश गिरि सहित पंच परमेश्वर व अन्य संतों ने चादर ओढ़ाकर पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर



मोहनपुरी महाराज का सम्मान किया। श्री श्री 1008 योगेश्वर पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर पूज्य मोहनपुरी महाराज द्वारा वर्ष 1972 में गोवर्धन में स्थापित योगेश्वर आश्रम में अन्नक्षेत्र की सेवा वर्षों से आश्रम में चल रही है। इस नई नियुक्ति के लिए महामंडलेश्वर पूज्य मोहनपुरी महाराज को राजकोट, सौराष्ट्र के उनके शिष्यों के बड़े परिवार ने बधाई दी है।

# मुख्य मार्ग पर जलभराव, ग्रामीणों में आक्रोश

वेलकम इंडिया

**मथुरा/नौहझील।** ब्लॉक के गांव फिरोजपुर में नौहझील मार्ग पर 500 मीटर की लंबाई जलभराव हो रहा है। जिससे लोगों को आने जाने में भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की हालत बहुत ही गंभीर बताई गई। ग्रामीणों का कहना है कि पूरी सड़क पर पानी ही पानी भरा हुआ है यहां से निकलना बहुत ही मुश्किल होता है।सड़के किनारे नाली निर्माण न होने के कारण यहां काफी लंबे समय पानी भरा हुआ है ।

सड़क किनारे लोक निर्माण विभाग द्वारा नाली न बनाए जाने के कारण आसपास के घरों का पानी सड़क पर आकर भर रहा है। हालत यह है कि सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं।इन गड्ढों में गिरकर आए दिन दोपहिया वाहन सवार गिरकर चोटिल



हो रहे हैं।

बताया गया कि तमाम बाइक सवार निकलते समय उस पानी भरी कीचड में गिर चुके हैं तथा कई वाहन कीचड़ में धस चुके हैं।

योगेश निषाद मास्टर जी ने बताया कि रात के समय अंधेरे में आए दिन बाइक चालक गिर जाते हैं। शिकायत कई बार की गई है लेकिन कोई सुनता नहीं है। मुकेश कुमार निषाद ने बताया कि अधिकारी हमेशा टाल-मटोल का रवैया अपना रहे हैं।

वहीं ग्रामीणों ने कहा कि हम अपने समस्या को जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाएंगे, जितेंद्र शर्मा ने बताया कि हमारे गांव में यमुना नदी से बालू खनन भी होता है जिसके कारण पूरी सड़क ध्वस्त हो चुकी हैं ग्रामीण सड़क बनवाने एवं जलभराव से मुक्ति के पाने के लिए प्रशासन से मांग कर रहे हैं।

इस मौके पर ओमप्रकाश भगत जी, विशंभर निषाद, लख्मीचंद, भगवती निषाद, देवी सिंह भगत, राजेंद्र दूधिया, भगवान स्वरूप निषाद, हर स्वरूप निषाद, रामबाबू बघेल, मलखान सिंह जाटव ,नवाब जाटव, चंदन दूधिया, फूलचंद शर्मा, महेंद्र शर्मा, पाल सिंह मीणा लोग उपस्थित रहे।।

# कृष्णाश्रय गुरुकुल सेडी ने घोषित किया वार्षिक कार्यक्रम

वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** गुरुवार को कृष्णाश्रय गुरुकुल कौशल एवं उद्यमिता विकास संस्थान ( सेडी ) के प्रधान राम मोहन लवानिया और प्लेसमेंट अधिकारी महेश चंद द्वारा मीडिया कर्मियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कृषणाश्रय गुरुकुल मे होने वाले वार्षिक कार्यक्रम की घोषणा की गई साथ ही संबंधित बिंदुओं और मीडिया कर्मियों के सुझावों पर चर्चा की गई। बैठक मे केंद्र प्रभारी- राम मोहन लवानियां ने कहा, ₹हम ब्रज के हर समुदाय को युवा शक्ति विकास के पथ पर हमारा साथ देने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं, वह हमारे वार्षिक कार्यक्रम में हमारे साथ जुड़ें। कृष्णाश्रय गुरुकुल सेडी निरंतर कौशल विकास के माध्यम से समुदाय को परिवर्तित करने के लिए अग्रसर है। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस




25 जनवरी को कृष्णाश्रय गुरुकुल सेड़ी गोवर्धन में आयोजित होने वाले वार्षिक कार्यक्रम के लिए आमंत्रण देने और क्षेत्र के सभी समुदायों को सूचित करने के लिए आयोजित की गई है । कृष्णाश्रय गुरुकुल सेडी 2016 से युवा वर्ग की समृद्धि के लिए समर्पित है तथा कौशल विकास के माध्यम से समुदाय को सशक्त बनाने के लिए ब्रज के युवाओं के लिए एक आशा की रौशनी है। इस भव्य कार्यक्रम में सभी स्थानीय स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राएं भी भाग लेंगे। सभी स्टाफ सदस्यों ने जन आवाहन किया है की आपका सहयोग और समर्थन इस कार्यक्रम को सफल बनाएगा अतः कृपया अपनी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम को यादगार बनाने मे साथ दें।

कार्यक्रम का नामः कृष्णाश्रय गुरुकुल सेडी वार्षिक कार्यक्रम 25 जनवरी , 2025 स्थानः कृष्णाश्रय गुरुकुल सेडी, एसकों रिट्रीट सेंटर के पास द्वारिका धाम जतीपुरा - गोवर्धन मार्ग, मथुरा।

# स्वेटर पाकर खिले छात्रों के चेहरे

वेलकम इंडिया

**मथुरा/बलदेव।** प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर में आज स्वर्गीय प्रेम किशोर अग्रवाल की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा परिषदीय विद्यालय के लगभग 72 छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित किए गए, स्वेटर पाकर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

सेवानिवृत शिक्षक स्वर्गीय प्रेम किशोर अग्रवाल के स्मृति में प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर में आयोजित निश्शुल्क स्वेटर वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ एकेडमिक रिसोर्स पर्सन डॉ जगदीश पाठक द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया गया।

स्वेटर वितरण कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षक स्वर्गीय प्रेम किशोर अग्रवाल की पुत्री नूतन अग्रवाल और धर्मपत्नी बीना अग्रवाल द्वारा विद्यालय के लगभग 72 छात्रों को स्वेटर, मोजा, बिस्कुट और स्टेशनरी के रूप में नोटबुक, कलर एवं बॉल पेन का



वितरण किया गया।

श्रीमती नूतन अग्रवाल द्वारा विद्यालय को 2 पंखे और छात्रों के बैठने के लिए हरी कॉरपेट तथा आवश्यकतानुसार अन्य शिक्षण सहयोगी सामग्री उपलब्ध कराने की सहर्ष घोषणा की गई।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने बच्चों की गुणवत्तापरक शिक्षा की आवश्यकता पर जोर देते हुए, अभिभावकों से छात्रों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की ताकि जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके और अपने विद्यालय,ग्राम तथा प्रदेश का का भी नाम रोशन हो सके।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका ममता रानी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अचल कुमार, गीता सक्सेना, प्रेमचंद्र, अचल कुमार, ममता रानी, डॉ जगदीश पाठक आदि की उपस्थिति मुख्य रही।

# एसएसवी इंटर कॉलिज में मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कार्यक्रम का किया आयोजन

वेलकम इंडिया

**हापुड़।** जनपद में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती के अवसर पर शासन के निदेशों के कम में पूरे प्रदेश के साथ-साथ जनपद में एस०एस०वी० इन्टर कालिज हापुड़ में मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हिमांशु गौतम जी. मुख्य विकास अधिकारी हापुड़, विशिष्ट अतिथि विनीत भटनागर अपर पुलिस अधीक्षक, विनीता सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक, जया मिश्रा सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक हापुड़, रमेश कुमार चौबे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), छवि सिंह चौहान सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), आशुतोष उपाध्याय यात्री




/ मालकर अधिकारी हापुड़, पवन भारद्वाज, विजय गर्ग प्रिसिंपल एस०एस०वी० इन्टर कालिज हापुड़ उपस्थित रहे। इस अवसर पर परिवहन कार्यालय हापुड़ का समस्त स्टाफ, एवं एस०एस०वी० इन्टर कालिज के समस्त अध्यापक एवं कर्मचारीगण एवं छात्र/छात्राएं तथा एन०सी०सी० कैडेटस, स्काउट गाईड एवं जनपद के अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि हिमांशु गौतम जी. मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती पर उनकी चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को सडक सुरक्षा से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी दी गयी तथा अपील की गयी कि बिना वैध ड्राईविंग लाईसेंस के वाहन संचालित न करने,दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने एवं चार पहिया वाहन के संचालन के समय सीटबेल्ट का प्रयोग अवश्य करने,शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन न चलाने,गलत दिशा में वाहन न चलाने,तेज रफ्तार से वाहन न चलाने,लेन ड्राईविंग नियमों का पालन करने, सडक दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु सदैव तत्पर रहने हेतु प्रेरित किया गया और यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलायी गयी। मच पर उपस्थित अन्य सभी अधिकारियों द्वारा भी नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण / पुष्प अर्पण किया गया, उसके उपरांत व्यापक स्तर पर मानव श्रृखंला का आयोजन किया गया,जिसमें लगभग 2100 छात्र/छात्राएं एन०सी०सी० कैडेटस, स्काउट गाईड,तथा लगभग 424 की संख्या में पुलिस के कार्मिक, अध्यापक,जनपद के अधिकारी एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करने हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ की बैठक



वेलकम इंडिया

**हापुड़।** जनपद की जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हाईवे निर्माण की राह में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए जिला प्रशासन ने पहल आरंभ की है संबंधित अधिकारियों के साथ लैंड एंड यूटिलिटी स्टेटस के अंतर्गत विद्युत पोल नलकूप हेड पंप ट्रांस मिशन लाइन को लेकर समीक्षा बैठक की।

गंगा एक्सप्रेसवे के अधिकारियों ने हाईवे किनारे से विद्युत पोल हटाए जाने व भूमि से संबंधित प्रकरणों को बैठक में रखा, जिससे गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य बाधित न होने पाए।

जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि संबंधित लेखपालों की ड्यूटी लगाते हुए जिन ग्रामों में गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण के अंतर्गत भूमि चिन्हित की गई है और उनको मुआवजा अभी तक नहीं मिल पाया है उनका पुनः सर्वे करते हुए खसरा खतौनी पर नाम दर्ज का मिलान कराते हुए जल्द से जल्द भुगतान करना सुनिश्चित करें, जिससे गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य में आ रही कठिनाइयों को दूर किया जा सके।

बैठक में अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार,उप जिलाधिकारी हापुड़ अंकित वर्मा, उप जिलाधिकारी गढ़मुक्तेश्वर साक्षी शर्मा, उप जिलाधिकारी धौलाना लवी त्रिपाठी , डिप्टी कलेक्टर इला प्रकाश, एनएचएआई के अधिकारी, जिला वन अधिकारी, तहसीलदार व एलएनटी के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**कांधला।** पुलिस ने एक युवक को आत्महत्या करने के लिए उकसाने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में गत 20 अक्टूबर 2024 को धर्मपाल के 20 वर्षीय पुत्र मनोज ने घर के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पीड़ित पिता के द्वारा गांव के ही महिला मुनाजरा एवं दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था। पीड़ित ने आरोप लगाया था कि महिला व उसके दो पुत्रों ने उसके पुत्र को आत्महत्या करने के लिए उत्साह गया है जिस कारण उसने आत्महत्या की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी महिला को पूर्व में जेल भेज दिया था और उसके दो पुत्र फरार चल रहे थे।

# दलित परिवार ने दबंग गिरोह के अत्याचार से परेशान होकर डीएम और कप्तान से लगाई न्याय की गुहार

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** एक गरीब दलित परिवार ने दबंग गिरोह के खिलाफ आवाज उठाई है। पीड़ित परिवार ने जिलाधिकारी और एसएसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। दलित परिवार का आरोप है कि दबंग उनकी पैतृक जमीन पर कब्जा करने की साजिश रच रहे हैं और उनके परिवार पर झूठे मुकदमे दर्ज करवा रहे हैं।

थाना इज्जतनगर के बिहारमान नगला निवासी राकेश ने बताया है कि उनकी बेशकीमती पैतृक भूमि बिहारमान नगला, पीलीभीत बाईपास पर स्थित है। इस जमीन पर जितेंद्र पाल सिंह गुजराल, जसपाल सिंह, एकजोत सिंह, इरवीन कौर, विक्रमजीत सिंह, और अमरजीत सिंह बख्शी जैसे दबंग कब्जा करना चाहते हैं।ला परिवार का आरोप है कि ये लोग जालसाजी और फजीवाड़ा करके उनकी जमीन हथियाने की कोशिश कर रहे हैं।

पीड़ितों का कहना है कि गिरोह के शासन, प्रशासन और पुलिस में गहरे संबंध हैं। इन पर जमीनों पर अवैध कब्जों और जालसाजी के कई मुकदमे दर्ज हैं, लेकिन उनकी धन-बल और रसूख के कारण उन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती।

दलित परिवार ने बताया है कि जब उन्होंने अपनी जमीन पर कब्जे के खिलाफ आवाज उठाई तो उन्हें जातिसूचक गालियां दी गईं और उनके खिलाफ झूठे केस दर्ज करवा दिए गए। परिवार के सदस्य राकेश कुमार ने कहा कि गिरोह ने उनसे 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के साथ जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में कहा गया है कि इज्जतनगर थाने में तैनात रहे कुछ पुलिसकर्मी उनके एजेंट की तरह काम कर रहे हैं। एक मामले में झूठे मुकदमे की जांच कर रहे विवेचक ने साक्ष्यों को अनदेखा कर फाइनल रिपोर्ट लगाकर भूमाफिया को बचा लिया।

पीड़ित परिवार ने कहा कि भूमाफिया के बढ़ते अत्याचार से उनका जीना मुश्किल हो गया है। अगर जल्द ही इन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो उनके पास सामूहिक आत्महत्या करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा।

### जिलाधिकारी और एसएसपी से गुहार

परिवार ने जिलाधिकारी और एसएसपी से निवेदन किया है कि वे उनके द्वारा दिए गए सबूतों पर गौर करें और भूमाफिया गिरोह के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। पीड़ितों का कहना है कि वे केवल न्याय चाहते हैं ताकि उनके परिवार को सुरक्षा और शांति मिल सके।

## मुफ्ती अब्दुल कादिर सहित दो गुंडा एक्ट में निरुद्ध

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में मदरसा इस्लामिया नूरानिया अमीनुल फुरकान शिक्षा सभा को लेकर चल रहे विवाद में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। पुलिस के द्वारा की गई कार्रवाई से अपराध जगत से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में मदरसा इस्लामिया नूरानिया अमीनुल फुरकान शिक्षा सभा स्थित है। मदरसे के हिसाब किताब को लेकर मौलाना मसीउल्लाह और हाफिज मुस्तकीम के बीच काफी समय से विवाद चल रहा है। मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच कई बार मारपीट हो चुकी है। मौलाना मसीउल्लाह के द्वारा मुफ्ती अब्दुल कादिर पुत्र मुस्तकीम, हाफिज मुस्तकीम, इस्लाम पुत्र मांगू , आदिल पुत्र मुस्तकीम, इनायतुल्लाह पुत्र मुस्तकीम और आशु उर्फ आस मोहम्मद पुत्र वकील के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था। आरोप है कि उक्त लोगों के खिलाफ आधा दर्जन से भी अधिक मुकदमे पंजीकृत हैं। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए मुफ्ती अब्दुल कादिर पुत्र मुस्तकीम ओर आंसू उर्फ आस मोहम्मद पुत्र वकील के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है।

# जोगीठेर में पराक्रम दिवस के अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को याद किया गया

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती को देश में पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जा रहा है इस अवसर पर तमाम स्कूल कॉलेजों में निबंध और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी को लेकर बरेली के क्यारा ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय जोगीठेर में प्रधानाध्यापक लाल बहादुर गंगवार द्वारा सर्वप्रथम प्रार्थना सभा के दौरान नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को उनके जीवन से जुड़े कुछ अनछुये पहलुओं से अवगत कराया गया। प्रार्थना सभा के उपरांत प्रधानाध्यापक लाल बहादुर गंगवार और विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक रमेश सागर द्वारा कक्षा 4 से कक्षा 8 तक के छात्र-छात्राओं के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस प्रतियोगिता में सभी छात्र-छात्राओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन के संघर्ष को अपने शब्दों में चिन्हांकित किया, इसके बाद कक्षा 6, 7, 8 के बच्चों में भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें बच्चों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर अपना उद्बोधन दिया। जिसके बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक लाल बहादुर गंगवार द्वारा उत्कृष्ट निबंध और भाषण देने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार के साथ प्रमाण पत्र भी दिए गए।

इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापक रमेश सागर ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस को 'तुम मुझे खून दो और मैं तुम्हें आजादी दूंगा' इस मशहूर नारे से पहचाना जाता है, उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक जबरदस्त स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने अंग्रेजों के सामने आजादी के जोश से भरे स्वतंत्र भारतीयों की फौज बनाकर उन्हें अंग्रेजों के सामने खड़ा कर दिया था। विद्यालय की सहायक अध्यापिका दीपा गुप्ता ने कहा कि नेताजी के सभी काम और लक्ष्य आज भी युवाओं के रगों में एक प्रेरणा बनकर दौड़ रहे हैं। ऐसे फौलादी इरादों वाले महान व्यक्तित्व के लिए कुछ भी असंभव नहीं था। इस अवसर पर गीता यादव, नीलम सक्सेना, कृष्णा स्वाति मीनू रस्तोगी, मोहन सिंह, आकांक्षा रावत, रुचि दिवाकर, रिम्पल सिंह, बेबी तबस्सुम, गौरव गंगवार पंडित अनिल कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## द गोल्ड पब्लिक स्कूल में मनाई गई आजादी के नायक की जयंती



**कांधला।** क्षेत्र के द गोल्ड पब्लिक स्कूल में आजादी के नायक सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। विद्यालय स्टाफ के द्वारा उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया इस दौरान कई लोग मौजूद रहे। बृहस्पतिवार को क्षेत्र के द गोल्ड पब्लिक स्कूल में आजादी के नायक सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती मनाई गई। विद्यालय स्टाफ के द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने छात्र-छात्राओं को बताया कि आजादी के नायक सुभाष चंद्र बोस महान स्वतंत्रता सेनानी थे उनका जन्म उड़ीसा के गांव कुटटक में 23 जनवरी 1891 को हुआ था। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई लड़ने के लिए उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिंद फौज का गठन किया था। सुभाष चंद्र बोस के द्वारा दिया गया राष्ट्रीय नारा जय हिंद भारत का राष्ट्रीय नारा है। उन्होंने स्वतंत्रता के संग्राम में नारा दिया था तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। इस दौरान कार्यक्रम में विद्यालय के कई लोगों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रबंधक कृष्णपाल सिंह, कोऑर्डिनेटर करुणा सिंह, सहित आदि दर्जन लोग मौजूद रहे।

## मानसिक रोग स्वास्थ शिविर का किया गया आयोजन



**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव जसाला के स्वास्थ्य केंद्र पर मानसिक रोग स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया शिविर का शुभारंभ चिकित्सक प्रभारी रामबीर सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया इस दौरान सैकड़ो मरीजों की जांच कर निशुल्क दवाई वितरित की गई। बृहस्पतिवार को विकासखंड क्षेत्र के गांव जसाला के स्वास्थ्य केंद्र पर सीएमओ शामली के निर्देश पर मानसिक रोग स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सक प्रभारी रामबीर सिंह के द्वारा बताया गया कि क्षेत्र से आए 239 मरीजों का पंजीकरण कराकर निशुल्क जांच की गई और उन्हें दवाई भी वितरित की गई। चिकित्सक प्रभारी ने बताया कि शिविर में कई तरह की बीमारियों के निशुल्क जांच की गई जिला स्तरीय काउंसलरों के द्वारा 27 मरीजों की काउंसलिंग की गई। और मानसिक रोग से पीड़ित तीन मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। शिविर में मरीजों को सरकार के द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया।

## मंदिर के पड़ोस बनी गौशाला में गौवंश की निर्मम हत्या



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** सीबीगंज थाना क्षेत्र के पस्तौर गांव में इन दिनों नागराज मंदिर के सामने भागवत कथा का आयोजन स्थानीय लोगों द्वारा किया जा रहा है। लेकिन इसी गाँव से एक गोवंश की धारदार हथियार से हत्या का मामला भी सामने आया है। जिसके बाद गौशाला के मलिक की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार थाना सीबीगंज के गांव पस्तौर में नागराज मंदिर के सामने भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। इसी मंदिर की दीवार से ही सटी जीवन लाल पुत्र प्राणसूख की एक गौशाला है बताया जाता है कि बीती रात्रि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा धारदार हथियार से गौशाला के एक गोवंश की निर्मम हत्या कर दी गई तथा दूसरे गौवंश के पैर बांधकर उसकी हत्या की कोशिश की गई।

हालांकि गौशाला के मालिक ने किसी से कोई भी रंजिश न होने की बात कही है, घटना के बाद गौशाला के मालिक की सूचना पर थाना सीबीगंज पुलिस मौके पर पहुंच गई, और घटना की जानकारी में जुट गई है।

# इनर व्हील क्लब ऑफ ग्लोरी प्लस द्वारा राष्ट्रीय बेटी दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया





वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** इनर व्हील क्लब ऑफ ग्लोरी प्लस की चार्टर प्रेसिडेंट डॉ. मधु गुप्ता के नेतृत्व में राष्ट्रीय बेटी दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सीबीगंज के विभिन्न स्कूलों और यूपीएचसी में एक स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस अवसर पर यूपीएचसी में एक एनीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। इसके अलावा, मिशन शक्ति पर विशेष चर्चा की गई और बेटियों को सशक्त बनाने के लिए काम करने का संकल्प लिया गया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अफजा, अनीता, डॉ ममता, कविता, कमलेश, अन्जू, ललिता, ज्योति, मीना, रीना, सुनीता, हिरदेश, बंदना, सरस्वती, मीता, सुभीता, छाया, नीरज, अमृता, पूनम आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं को पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर चार्टर प्रेसिडेंट डॉ मधु गुप्ता ने कहा कि यह कार्यक्रम बेटियों को सशक्त बनाने और उनके अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा, कि ₹बेटियों को सशक्त बनाना हमारे समाज के लिए बहुत जरूरी है। हमें उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और समानता के अवसर प्रदान करने के लिए लोगों को जागरूक करना होगा।

# कार की टक्कर से साइकिल सवार मजदूर की दर्दनाक मौत

वेलकम इंडिया



**कांधला।** थाना क्षेत्र के भारसी मोड पर कार सवार ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगने से साइकिल सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। मामले में मृतक के परिजनों ने अज्ञात कार सवार के खिलाफ देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

जनपद बागपत के रमाला कोतवाली क्षेत्र के गांव असारा निवासी 42 वर्षीय सलीम पुत्र दीन मोहम्मद गुरुवार को साईकिल पर सवार होकर कस्बे में मजदूरी करने के लिए आ रहा था। जैसे ही साइकिल सवार क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर रोड स्थित भारसी मोड़ के निकट पहुंचा तो दिल्ली की ओर से आ रही है नियंत्रित कार ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगने से साइकिल सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कार सवार कार को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी।? सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है।

मृतक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के परिजनों ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए कार को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि मृतक के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। शीघ्र ही कार सवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# ट्रेनों में किन्नरों का आतंक, पैसे न देने पर यात्रियों से करते हैं अश्लीलता

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** ट्रेनों में किन्नरों का जबरदस्त आतंक है। गाजियाबाद से लेकर रामपुर तक जमकर यात्रियों से पैसे मांगने के नाम पर वसूली करते है। यदि यात्री मना करते है, तो उनके सामने अश्लीलता करने लगते है। गुरूवार को लोहित एक्सप्रेस मुरादाबाद से चली, तभी एक किन्नर ने लोगो से वसूली शुरू कर दी, पैसे न देने पर कभी कपड़े उतारने लगता, तो कभी गाली गलौच कर रहा था। लोगों ने इसका विरोध किया तो वह हाथापाई पर उतर आया। यात्रियों ने इसकी शिकायत रेलवे को ट्वीट कर दी। रेलवे से आरपीएफ को मैसेज मिलते ही आरपीएफ ने प्लेटफार्म पर पहुंचकर बोगी को पूरी तरह से घेर लिया। आरपीएफ ने किन्नर को गिरफ्तार कर आरपीएफ थाने ले आई। किन्नर ने अपना नाम खुशबू बताया है, वह रामपुर की रहने वाली है।

### ट्रेन की चैन पुलिंग, 25 मिनट देरी से रवाना

लोहित एक्सप्रेस 11 बजकर 56 मिनट पर प्लेटफार्म संख्या दो पर पहुंची। अपने नियत समय से चलते ही जैसे आउटर पर पहुंची एक महिला यात्री ने चैन पुलिंग कर दी, इसके बाद जैसे ही चली कि एक पुरूष यात्री ने चैन पुलिंग कर दी, जिससे ट्रेन 25 मिनट देरी से रवाना हो सकी। चैन पुलिंग करने वाले यात्रियों का कहना है कि वह गलती से गलत ट्रेन में चढ़ गये थे इसलिए चैन पुलिंग करनी पड़ी। फिलहाल आरपीएफ ने महिला यात्री को छोड़ दिया ओर पुरूष यात्री को थाने ले आई। रेलवे पुलिस का कहना है कि पुरूष यात्री के साथ रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी।

# साहब गुरु गोविंद सिंह जी के 358 वें प्रकाश उत्सव धूमधाम से मनाया

वेलकम इंडिया




**लखनऊ।** गुरु नानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज चारबाग में साहब गुरु गोविंद सिंह जी के 358वें प्रकाश वर्ष को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रत्येक वर्ष यह दिन बड़े उत्साह एवं खुशी के साथ मनाया जाता है गुरु गोविंद सिंह जी की शिक्षाएं हमें साहस विनर्मता एवं भक्ति का जीवन जीने के लिए प्रेरित करती हैं। साहब श्री गुरु गोविंद सिंह जी के दसवें गुरु पर्व पर महाविद्यालय के प्रबंधन में प्रबंधक समिति,प्राचार्या डॉ0 सुरभि गर्ग, समस्त शिक्षिकाओं, छात्राओं एवं उपस्थित कर्मचारियों की उपस्थिति में गुरु ग्रंथ साहिब प्रकाश नानक सभागार में किया गया।

तत्पश्चात इंटर स्कूल की छात्राओं ने शबद गाकर संगत को निहाल किया इसी क्रम में डिग्री सेक्शन की छात्राओं ने भी श्रद्धापूर्वक शबद प्रस्तुत कर संगत को भाव विभोर कर दिया। छात्राओं द्वारा शबद प्रस्तुति के पश्चात रागी जत्था गुरुद्वारा नाका हिंडोला चारबाग कथा वाचक भाई रणजीत सिंह एवं उनके साथियों द्वारा अमृतवाणी में गुरमत विचार जिसमें गुरु गोविंद सिंह जी के खालसा वाणी वाहेगुरु जी दा खालसा वाहेगुरु जी दी फतेह तथा उनके योगदान को हृदय से नमन करते हुए दसवें गुरु गोविंद सिंह जी के आदर्श एवं त्यागमय जीवन पर शबद कीर्तन संगत के समक्ष भावमय प्रस्तुति की। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्रगति एवं समस्त विश्व एवं मानव जाति की कल्याण के लिए अरदास करके गुरु प्रसाद अमृत रसपान (लंगर) प्रारंभ किया गया।

इस प्रकार गुरु गोविंद सिंह महाराज का प्रकाश उत्सव महाविद्यालय प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## रंजिश के चलते युवक पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव मतनावली में रंजिश के चलते कई लोगों ने एक युवक पर लाठी डंडों से हमला कर दिया हमले में युवा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव मतनावली निवासी वंश पुत्र सतेंद्र ने बुधवार को थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पड़ोस का ही राशन डीलर का परिवार पीड़ित के परिवार से रंजिश रखता है। बुधवार की शाम को पीड़ित के परिवार की महिला पड़ोस की दुकान से चाऊमीन खरीदने के लिए गई थी। आरोप है कि इसी बीच राशन डीलर के परिवार के कई लोगों ने महिला के साथ गाली गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार करना शुरू कर दिया। शोर शराबा होने पर पीड़िता वंश भी मौके पर पहुंच गया।

# गऊ भक्तों की पार्टी को आपने प्रदेश की बागडोर हेतु चुना है : महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार।** नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर बाबा रिद्धनाथ गौशाला बालक में एक विशाल वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया है। इसमें मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा हरियाणा एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद सुभाष बराला एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया रहे। सबसे पूर्व समिति के पदाधिकारियों ने राज्यसभा सांसद सुभाष बराला को एवं प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया को स्मृति चिन्ह भेंट करके उनका स्वागत किया है।

कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया ने बताया कि आज का यह बड़ा ही शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय जिसमें हम सब शामिल हुए है।यह बाबा रिद्धनाथ गौशाला बालक प्रदेश में नहीं अपितु पूरे देश में प्रसिद्ध है। समिति के सदस्यों द्वारा महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया को गौमाता की मूर्ति एवं शाल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया गया।

महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया ने 1 लाख एक हजार की राशि गऊ माता के चरणों में समर्पित की एवं उसके पश्चात पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा हरियाणा एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि गऊ माता की जितनी अधिक सेवा हम करते है उतनी ही ज्यादा खुशहाली हमारे जीवन में आती है और पूर्ण भाजपा परिवार गौसेवक है जो भी सेवा हमारे जिम्मे गौशाला समिति की तरफ से लगेगी उसको वे राष्ट्र स्तर पहुंचाने का कार्य करेंगे एवं संबोधन के पश्चात राज्यसभा सांसद सुभाष बराला को भी समिति के सदस्यों द्वारा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया एवं सांसद सुभाष बराला ने गऊ माता के चरणों में 11 लाख रुपए की राशि दान हेतु संपर्पित करने का पुण्य कार्य किया। उसके बाद कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के प्रतिनिधि पूर्व चेयरमैन सतबीर ने भी मंत्री की तरफ से पांच लाख रुपए की राशि गऊ माता को भेंट करने की घोषणा की।

इस मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद जनरल डी पी वत्स,पूर्व मंत्री अनूप धानक,बहादुर सिंह नंगथला,प्रधान महाबीर, कृष्ण सरपंच, सत्यवान, जगदीप रेढ़ू,पल्वेश गुंदली, कुलदीप रेढ़ू, प्रवीण सैनी, डा. देशराज, रामनिवास, पूर्व चेयरमैन पंकज बादल,राजेश पूनिया आदि रहे।

# नेताजी की जयंती पर प्रभातफेरी व झांकी निकाली

**वेलकम इंडिया**




**नूरपुर।** स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती धूम-धाम के साथ मनाई गई।

विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता व उपप्रधानाचार्य टीकम सिंह ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। स्कूली बच्चों ने नेताजी के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान को याद किया। इस अवसर पर विद्यालय के.

प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस वीर सैनिक, राजनीति के अछूत महारथी थे। सुभाष बोस ने जन चेतना में आजादी की महत्ता को बहुत ही प्रभावशाली तरीके से डाला था। सभी वर्गो में उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय सहयोग की अनिवार्यता को जगाया था।

उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने कहा कि अपनी विशिष्टता व अपने व्यक्तित्व उपलब्धियों की वजह से सुभाष चंद्र बोस भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। भारत की आजादी के आंदोलन में आजाद हिन्द फौज की स्थापना करने वाले व "तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा" ऐसा नारा लगाने वाले सुभाष चंद्र बोस ही थे। उन्होंने अत्यंत निडरता से अंग्रेजो का मुकाबला किया और देश को आजाद कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर आर आर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने नूरपुर नगर में प्रभात फेरी व झांकी निकाली विद्यालय के शिक्षको, छात्र-छात्राओं ने नेताजी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रभात फेरी में स्कूली छात्र - छात्राओं ने भारत माता की जय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस अमर रहे का नारा बुलंद किया। प्रभात फेरी विद्यालय प्रांगण से होते हुए शिव मंदिर चौक पहुंची जहां स्कूली बच्चों ने आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। देशभक्ति पर आधारित इस नुक्कड़ नाटक को देखकर शहर के जनमानस भी देश भक्ति में सराबोर हो गए। इसके बाद प्रभातफेरी बुद्ध बाजार होते हुए शहीद स्थल पर पहुंची, जहां स्कूली बच्चों व शिक्षक- शिक्षिकाओं ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर देश के अमर सेनानियों को याद किया।

इस दौरान विद्यालय के चेयरमैन डॉटर मनुजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता, उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह, चंचल कटारिया, अजय सिंह, संजीव डबास, जीवन सिंह, अनुराग शर्मा, नीरज त्यागी, रश्मि बंसल, रीता त्यागी, कपिल कुमार, वीरेंद्र सिंह, रीतू रानी, विरेन्द्र चौहान , स्वाति यादव आदि ने स्मारक स्थल पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाया।

## मजाक बनकर रह गयी वक्तिगत लाभार्थी परक योजना

**माल, लखनऊ।** विकास खण्ड माल की ग्राम पंचायत मुड़ियारा मे पात्र लाभाथीर्यों को योजनाओं से दूर कर मनमाने तरीके से प्रधान वा रोजगार सेवक की मन मर्जी के काम हो रहे है जिसकी शिकायत खण्ड विकास अधिकारी महोदया को लिखित रूप से की गयी थी जिसमे मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायतो मे बनवाये जाने वाले पशु सेट के लिए लगातार तीन वर्षो से अधिकारियो के चक्कर लगाने के बाद भी नहीं कोई सुनवाई हुई जब की लाभार्थी ऋढ़ माफी योजना के तहत एक पात्र लाभार्थी है ग्राम पंचायत में पात्रों को दर किनार कर आपत्रों को किया जा रहा है मालामाल कही आवास तो कही पति को अलग शौचालय और पत्नी को अलग शौचालय प्रसाद की तरह बाट रहे है इसी तरह के भ्ष्टार्चार की जांच 2013 वा 2014 में हुई जांच मे दोषी पाए गये सचिव प्रधान वा रोजगार सेवक जेल भी गये थे लेकिन अब अधिकारी भी पर्दा डालते नजर आ रहे है जिसकी खबर कुछ दिन पूर्व मे छपी थी लेकिन अधिकारियो ने संज्ञान तक भी नहीं लिया

# ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम डीएम को सौपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**



**हापुड़।** ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा के द्वारा गरीब किसान मजदूर नौजवान एवं महिलाओं के हक अधिकार और सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंतन व्यक्त करते हुए। महामहिम राष्ट्रपति के नाम अपनी मांगों को लेकर जिला अधिकारी को 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया।

जिसमें पंडित गोपाल शर्मा प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा जनपद में स्थित सिंभावली और बृजनाथपुर शुगर मिलो सहित यूपी के शुगर मिलों पर किसानों का करोड़ों रुपए बकाया होने के बावजूद भुगतान नहीं होना, शुगर मिलों के गन्ना पेराई सत्र 2024-25 संचालित किया जा रहा है लेकिन अभी तक किसानों के गन्ने का समर्थन मूल्य घोषित नहीं किया गया है।

किसानों की फसलों पर एमएसपी लागू करने की मांग की गई है जो अभी तक पूर्ण नहीं हो पा रही है। उत्तर प्रदेश में विद्युत विभाग राजस्व कर्मी रिकवरी को लेकर किसानों का लगातार शोषण कर रहे हैं। पीड़ित किसान खतौनी के अंशों की त्रुटि के कारण जिलाधिकारी तहसील कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। जिसके चलते इन सभी समस्याओं को लेकर ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश के द्वारा राष्ट्रपति के नाम 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंप जिलाधिकारी को सौंपकर समस्याओं के निस्तारण की मांग की गई है।

इस अवसर पर पंडित गोपाल शर्मा प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश, पंडित नरेश चंद्र शर्मा प्रदेश कानूनी सलाहकार पंडित लोकेश शर्मा प्रदेश मीडिया प्रभारी पंडित आशीष शर्मा प्रदेश कोषाध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, पंडित अजय शर्मा जिला अध्यक्ष हापुड़, अमित सागर अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ मेरठ मंडल, धर्मवीर कश्यप ,पुष्पेंद्र शिवम शर्मा, कपिल शर्मा, अरुण शर्मा जिला महासचिव, महंत नंद किशोर त्रिपाठी, आदेश कुमार, दुष्यंत शर्मा जिला सचिव, सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# एनएचएआई ने बगैर मानक एन एच -9 किनारे संचालित हापुड़ के 32 ढाबों सहित 150 ढाबो को किया नोटिस जारी

**वेलकम इंडिया**

**हापुड़।** हापुड़ से मुरादाबाद नवनिर्मित बाईपास एक्सप्रेसवे पर बगैर मानक पूरे किए होटल ढाबों का निर्माण कुकुरमुत्ते की तरह पनप रहा है। यहां तक की इन ढाबा स्वामियों के द्वारा ग्रीन बेल्ट की भूमि तक पर निर्माण कर दिया गया है। एनएचएआई के द्वारा ऐसे ढाबों को चिन्हित कर हापुड़ के 32 ढाबों सहित मुरादाबाद तक 150 ढाबो को नोटिस जारी करने के साथ इन पर सीलिंग एवं ध्वस्तीकरण करने की कार्यवाही जल्द से जल्द करने की तैयारी की जा रही है। आपको बता दें कि लगभग दो वर्ष पूर्व एन एचएआई ने हापुड़ से मुरादाबाद के लिए नये बाईपास का निर्माण किया है। इस हाइवे निर्माण के बाद एन एच 9 के दोनों तरफ होटल और ढाबों का निर्माण कार्य किया गया है। लेकिन निर्माण के दौरान मानकों का पालन नहीं किया गया है। जैसे कि एनएचएआई, एचपीडीए, अग्निशमन विभाग आदि से एनओसी( अनापत्ति ) प्रमाण पत्र लिए बगैर ढाबों का निर्माण कर दिया गया है। यहां तक की जो भूमि किसी अन्य कार्य जैसे पेड़ पौधे लगाने हेतु छोड़ी गई। और ग्रीन बेल्ट में शामिल है उसे पर भी निर्माण किया जा चुका है। इसमें कुछ ढाबों का निर्माण तो टीनसेड डालकर ही किया गया है। जो आंधी तूफान आने पर बड़ा हादसा होने का भी सबब बन सकते हैं। तो वहीं कुछ ने पार्किंग को हाईवे की भूमि पर ही बना दिया है। जबकि पूर्व में दिल्ली से लखनऊ तक जाने वाले वाहन पुराने एन एच 24 हापुड़ ,बाबूगढ़ ,उपैडा सिंभावली से होकर जाते थे। लेकिन नया बाईपास शुरू होते ही वाहनों का आवागमन कम होते देख ढाबा संचालकों ने सभी नियमों को ठेंगा दिखाते हुए। आनंन-फानन में जमीन किराए पर लेकर हाईवे किनारे होटल ढाबों का निर्माण कर दिया है। हाईवे किनारे बगैर मानक के होटल ढाबों के निर्माण को लेकर क्या कहिन अधिकारी एनएचएआई पी डी मुरादाबाद अरविंद कुमार ने बताया कि नेशनल हाईवे -9 के किनारे बगैर मानक हापुड़ से मुरादाबाद तक 150 होटल, ढाबों को चिन्हित कर नोटिस जारी किया गया है। जिसमें हापुड़ के 32 ढाबे भी शामिलहै। जिन पर जल्द ही संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा सीलिंग एवं ध्वस्तीकरण करने की कार्यवाही की जाएगी। जबकि हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण वीसी नितिन गौड़ ने चार्ज संभालते ही 30 ढाबों को नोटिस जारी किए थे। और कई होटलों पर सील लगाई गई थी। जिससे होटल ढाबा संचालकों में हड़कंप मच गया था। जिसको लेकर कई ढाबा संचालकों ने नक्शा स्वीकृत कराया है। जिससे हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण को एक करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव निवर्तमान विधायक धीरज ओझा होगे प्रवासी

**वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़।** रानीगंज विधानसभा के निर्वतमान विधायक अभय कुमार धीरज ओझा को दिल्ली विधानसभा चुनाव मे मुडका विधानसभा क्षेत्र का भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने प्रवासी नियुक्त किया है। जिसकी सूचना पर प्रतापगढ़ भाजपा तथा धीरज के लाखो समर्थको ने खुशी व्यक्त करते हुए धीरज ओझा को बधाई दी है।

रानीगज के निर्वतमान विधायक धीरज ओझा प्रतापगढ़ मे हर वर्ग के चहेते है। प्रतापगढ़ के युवा उन्हे यारो का यार कहकर सम्बोधित करते है। प्रतापगढ़ मे धीरज ओझा के लिए कहा जाता है कि वो अपने समर्थको के लिए किसी से टकराने मे कदापि परहेज नही करते। प्रतापगढ़ मे जब भाजपा के बुरे दिन थे तो एकमात्र युवा चेहरा धीरज ओझा थे जो अपने धरने प्रदर्शनो से जनहित के मुद्दे उठाते थे जिसके लिए उन्हे कयी बार पुलिस प्रताडना झेलनी पड़ी लेकिन धीरज कभी डरे नही जिससे प्रतापगढ़ मे भाजपा अओना वजूद बनाए रही।

प्रतापगढ़ मे धीरज ओझा को विकासपुरुष के नाम से भी जाना जाता है। जिन्होने अपने पाच वर्ष के अल्प विधायकी कार्यकाल मे जनपद को नये नये विकास कार्यो की सौगात देकर जनता को लाभान्वित किया। प्रतापगढ़ मे कहा जाता है कि जिसके साथ धीरज ओझा का समर्थन होता है वो आसानी से सासदी और विधायकी का चुनाव जीत जाता है।

## बागपत कबड्डी लीग सीजन-1

# 31 जनवरी से केटी स्टेड़ियम में होगा आयोजन




**वेलकम इंडिया**

**बागपत।** जनपद बागपत के मुबारिकपुर में स्थित केटी स्टेडियम में 31 जनवरी 2025 से 2 फरवरी 2025 तक केटी विंग द्वारा बागपत कबड्डी लीग सीजन 1 का भव्य आयोजन किया जायेगा। केटी विंग के संस्थापक कपिल त्यागी ने बताया कि केटी विंग और उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के सौजन्य से आयोजित बागपत कबड्डी लीग सीजन 1 में जनपद बागपत के विभिन्न गांवो की लगभग 60 टीमें भाग लेंगी। बताया कि विजेता टीम को एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रुपए की धनराशि व उपविजेता टीम को पच्चपन हजार पांच सौ पच्चपन रुपए की धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जायेगी। इसके अलावा अन्य पुरस्कार भी प्रदान किये जायेगें। बताया की टोटल इनाम राशि 4 लाख रुपए होगी। बागपत कबड्डी लीग सीजन 1 में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की एंट्री फ्री होगी और टीमों को भोजन भी केटी विंग की और से निशुल्क प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर केटी विंग के संस्थापक कपिल त्यागी, संयोजक आशीष कंडवाल, हम्बीर सिंह, नेशनल अवार्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, गौरव मुबारिकपुर, ऑपरेशन मेनेजर हेमंत, सोशल मीडिया प्रभारी राशिका गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बने डॉ.: कटारिया

**वेलकम इंडिया**



**बिजनौर।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा (स्थापित-1908) के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक पुरूषोत्तम पाटिल ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की घोषणा की है। जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी के लिए डॉ० मनोज कटारिया को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक पुरूषोत्तम पाटिल ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के लिए गुजरात के पूर्व गृह मंत्री गोवर्धन भाई झड़पिया एवं राजस्थान के पूर्व विधायक गोपीचन्द गुर्जर को कार्यकारी अध्यक्ष, राजस्थान के प्रमुख समाज सेवी बच्चू सिंह बैंसला को संगठन महामंत्री, मध्यप्रदेश के गोपाल सिंह गुर्जर, पंजाब के स्वर्ण सिंह गुर्जर, उत्तर प्रदेश के डी० एन० सिंह एवं ईश्वर सिंह, दिल्ली के राकेश चौधरी एवं राकेश गुरू जी को उपाध्यक्ष, दिल्ली के सुधीर बैंसला को प्रमुख महामंत्री, मध्यप्रदेश के डॉ० आर एन गुर्जर एवं महाराष्ट्र के सुनील सखाराम पाटिल को महामंत्री, राजस्थान के हिमांशु गुर्जर एड०, हरियाणा के अनूप बैंसला, मध्यप्रदेश के देवीलाल शैतूर, गुजरात के जगदीश भाई पटेल, पंजाब के बलदेव सिंह चांदपुरी, उत्तराखंड के निपेन्द्र सिंह चौधरी, उत्तर प्रदेश के ज्ञानेन्द्र वीर प्रतिहार एवं ओमपाल सिंह खटाना को मंत्री, उत्तर प्रदेश के डॉ० मनोज कटारिया को राष्ट्रीय प्रवक्ता, मध्यप्रदेश के अजय गुर्जर को कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है।

संगठन महामंत्री बच्चू सिंह बैंसला ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों के लिए उत्तर प्रदेश से प्रताप सिंह गुर्जर, बालस्वरूप सिंह गुर्जर एवं डॉ० रवि नागर, गुजरात से डॉ० बिलास भाई पटेल, हरियाणा से प्रेम कृष्ण आर्य (चैची) एवं कुलदीप भरगड़, हिमाचल प्रदेश से वीरेन्द्र सिंह, उत्तराखण्ड से आदित्य सिंह, जम्मू-कश्मीर से शौकत गुर्जर, राजस्थान से हंसराज पटेल, मध्यप्रदेश से गिर्राज सिंह गुर्जर, पंजाब से देवेन्द्र बजाड़, तेलंगाना से चैनाराम गुर्जर, दिल्ली से विवेक बैंसला एवं सतपाल उर्फ सत्तू, कर्नाटक से भैरो सिंह गुर्जर को नियुक्त करने की घोषणा की है। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बच्चू सिंह बैंसला ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक पुरूषोत्तम पाटिल ने संगठन के केन्द्रीय पदाधिकारियों की घोषणा की है। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित 23 राष्ट्रीय पदाधिकारी और 16 कार्यकारिणी सदस्य बनाये गए है। उन्होंने बताया कि गुर्जर समाज का सबसे पहला और बड़ा संगठन है। जिसकी स्थापना 1908 में की गई और जो देश भर में समाज हित के लिए काम कर रहा है।

# समस्याओं के समाधान को भाकियू ने दिया ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा जिला रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन उनकी अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार को सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की।

भाकियू के जिला सचिव साबिर अली के नेतृत्व में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तहसील पहुंचे और एसडीएम को सम्बोधित उनकी अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार अंकुर अत्तल को सौंपा जिसमें कहा गया है कि खतौनी में अंकित सहखातेदारों के गलत अंश निर्धारण को दुरुस्त कराने के लिए किसान रजिस्टार कानून गो कार्यालय के चक्कर लगाकर परेशान हो चुके हैं लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

फार्मर रजिस्ट्री का कार्य भी अनेक समस्याओं के चलते सम्पन्न नहीं हो पा रहा है जिसके लिए 6 महीने का समय बढ़ाया जाये छुटटा पशुओं से किसानों की फसलों को नुकसान हो रहा है। आये दिन रोड पर एक्सीडेंट हो रहे है इन्हें पकड़वाया जाए बादली से खुशहालपुर जाने वाले मार्ग को गड्ढामुक्त कराया जाये।

किसानों को दिन में 18 घण्टे की बिजली आपूर्ति दिलायी जाये। जिससे किसान दिन में अपनी फसलों की सिंचाई कर सकें ग्राम सहरिया जवाहर में बिजली की 11 हजार की नंगी विद्युत लाईन हटाई जाये और पूरे गांव में केबिल की लाईन बिछाई जाये ज्ञापन में कहा गया है कि भारतीय किसान यूनियन की मांगो का निस्तारण शीघ्रता से किया जाये अन्यथा किसान अनिश्चतकालीन धरना देने को बाध्य होंगे।

इस अवसर पर साबिर अली जिला सचिव,जसवंत सिंह,पूरन सिंह चौहान, बलजीत सिंह जिला उपाध्यक्ष,मोहम्मद रफीक, मोहम्मद रिजवान,अब्दुल फारूक, नजाकत अली जावेद अली,इंतजार हुसैन, इरफान अली, मसरूफ एहमद , अब्दुल हकीम , हाजी बाबू ,डॉक्टर फारुख , एहसान अली, फरीद एहमद , जसवंत सिंह, रामकुमर असगर अली , रजा अली आदि मौजूद रहे।

## करमा खान के प्रधान प्रतिनिधि ने गरीबों और असहायों में बांटा कम्बल

**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को विकास खंड सेमरियावां के करमाखान के प्रधान प्रतिनिधि मुहम्मद हनीफ खान ने बढ़ रही ठण्ड और गलन को देखते हुए गरीबों और असहायों में कम्बल का वितरण किया।

इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि मुहम्मद हनीफ खान ने कहा कि गरीबों और असहायों की मदद करना पुनीत कार्य है। हमें अपनी हैसियत के मुताबिक जरूरतमंदो की मदद करना चाहिए। इससे आत्मा को संतुष्टि मिलती है।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान मु. हुसेन, प्रधान प्रतिनिधि मुहम्मद हनीफ खान, अब्दुल बाकी, इफ़्तेखार अहमद, मुहम्मद अयूब, मुहम्मद याकूब, मुहम्मद एहतेशाम, डॉ. निसार अहमद, कलीम अहमद आदि मौजूद रहे।

# टू मीडिया का कुरुक्षेत्र में साहित्यिक महोत्सव सम्पन्न हुआ

**वेलकम इंडिया**




**नई दिल्ली।** टू मीडिया समूह का दो दिवसीय साहित्यिक महोत्सव - 2025 समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ।

महोत्सव की शुरूआत कुरुक्षेत के ब्रहम सरोवर में संध्या आरती और ब्रहम सरोवर के मंदिरों में देवी-देवताओ के दर्शन से हुई। इस मौके पर ब्रहम सरोवर के पदाधिकारी गण और बीपीएचओ कुरुक्षेत्र के जिला अध्यक्ष प्रदीप प्रजापति ने महोत्सव में आए सभी साहित्यकारों का पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत किया। दूसरे दिन कुरुक्षेत्र के प्रसिद्ध सैनी धर्मशाला के सभागार में आयोजित महोत्सव का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित एवं शंखनाद कर के किया।

इस अवसर पर साहित्य, कला, संस्कृति, शिक्षा एवं पत्रकारिता पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई तीन सत्रों में हुवे समारोह के प्रथम सत्र की अध्यक्षता श्रीमती प्रमिला भारती ने की। प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. इन्द्रजीत शर्मा शर्मा( न्यूयॉर्क ), प्रो.विकास शर्मा, वरिष्ट उपन्यासकार और डॉ. कुमार विश्वास के बड़े भाई ( मुख्य अतिथि ), डॉ. ओमप्रकाश प्रजापति ( स्वागत अध्यक्ष ), श्रीमती रमा शर्मा (जापान), मॉरीशस से पधारी, दो बार राष्ट्रपति से सम्मानित श्रीमती सविता सालिक पितांबर, शिक्षाविद एवं वरिष्ट साहित्यकार गणेश्वर पितांबर उपस्थित रहें। इस मौके पर श्री अशोक गुप्ता (संस्थापक- किआन फाउंडेशन) की ओर से डॉ. पुष्पा जोशी, डॉ. कविता मल्होत्रा, श्रीमती नेहा शर्मा, श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल को किआन सारस्वत पुरस्कार, ग्यारह सौ रूपए राशि भेट कर सम्मानित किया, इस सत्र का मंच संचालन- हिमांशु शुक्ल ने किया। दूसरे सत्र में मंचासीन डॉ. पुष्पा जोशी, डॉ सूक्ष्म लता महाजन, श्री ओमप्रकाश शुक्ल, डॉ. नीरजा मेहता, डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा , डॉ.अर्चना गर्ग, डॉ. कविता मल्होत्रा, पंडित नमन रहें। इस अवसर पर टू मीडिया जनवरी अंक जो प्रमिला भारती के व्यक्तिव-कृतित्व पर केन्द्रित अंक का लोकार्पण हुआ, मंच संचालन नीरज नयन ने किया। अंतिम सत्र में मंचासीन गुरमान सिंह सैनी, देवेंद्र प्रकाश शर्मा, पवन प्रजापति, सतीश सरोहा, दर्शन प्रजापति, बलवीर प्रजापति, प्रदीप प्रजापति रहे। मंच संचालन-नीरज नयन ने किया। इस अवसर पर टू मीडिया के संपादक डॉ. ओमप्रकाश प्रजापति ने अपने स्वागत वक्तव्य में कहा कि कुरुक्षेत्र, जिसे महाभारत की ऐतिहासिक भूमि के रूप में जाना जाता है, भारतीय सभ्यता और संस्कृति का एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है।

# पडताल :थाना पुलिस चौकस, चला रही चेकिंग अभियान दिन रात जनता की सुरक्षा में तैनात

**वेलकम इंडिया**




**बुलंदशहर।** थाना पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार सुरक्षा की दृष्टिकोण से नरसेना थाना प्रभारी चन्दगीराम के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों पर लगातार इन दिनों सुरक्षा की दृष्टिकोण से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग में वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए संदिग्धों की भी तलाशी ली

जनपद में हो रही वाहन चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण व बाइक सवारों द्वारा किए जा रहे अपराधों पर लगाम कसने के इरादे से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिस पर नरसेना थाना पुलिस चेकिंग अभियान में जुट गई। क्षेत्र के नरसेना नहर पुल मुख्य मार्ग, भड़कँऊ चौराहा, ऊंचागांव मुख्य चौराहा, दौलतपुर कलां, बुगरासी मुख्य चौराहा आदि सभी मुख्य मार्गो पर भी वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने कई दर्जन से अधिक वाहनों का चालान किया। कुछ वाहन सीज भी किए गए। अभियान के दौरान पुलिस ने संदिग्धों व उनके सामान की भी तलाशी ली। लेकिन इस फिलहाल कुछ भी आपत्तिजनक पुलिस के हाथ नहीं लगा। प्रभारी निरीक्षक चन्दगीराम कहना है कि वाहन चोरी की वारदात और लूट जैसी घटनाओं तथा आगामी स्वतंत्रता दिवस पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस को सतर्कता बरतने के आदेश दिए गए हैं।

### वेलकम इंडिया न्यूज की पड़ताल

रात 12 :00 बजे वेलकम इंडिया न्यूज की टीम नरसेना थाना क्षेत्र के भड़कऊ चौराहे से गुजरी जहां पर नरसेना पुलिस मुस्तैद मिली समय 1 बजे वेलकम इंडिया न्यूज की टीम दौलतपुर चौराह से गुजरी जहां पर स्वयं थानाप्रभारी नरसेना अपनी टीम के साथ चौराहे पर चेकिंग करते हुए मुस्तैद पाए गए वेलकम इंडिया न्यूज की टीम ने गांव में जाकर भी सर्वे किया तो पता चला कि गांव में भी पुलिस रात्रि के समय पेट्रोलिंग करती है

# सरकारी उदासीनता से हजारों आयुष फार्मासिस्ट एवं उपचारिका छात्रों का भविष्य अंधकारमय: मनोज सिंह

**वेलकम इंडिया**



*वाराणसी।* आज दिनांक 23/1/2025 को आयुष फामेर्सी कॉलेज एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की बैठक संगठन के कार्यालय अर्दली बाजार, वाराणसी में संपन्न हुई। बैठक में विचार व्यक्त करते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री मनोज सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कुल 240 आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट एवं उपचारिका प्रशिक्षण केन्द्रों से प्रशिक्षण कराया जाता है। जिसमें लगभग 50 हजार छात्रों का भविष्य सरकार के उदासीनता के कारण अंधकारमय हो गया हैक बोर्ड के अध्यक्ष का कार्यकाल पिछले 6 माह से समाप्त होने के बावजूद भी अब तक आयुर्वेद बोर्ड अध्यक्ष पर किसी की नियुक्ति न होने के कारण छात्रों की परीक्षाएं नहीं हो पा रही है जिस कारण निर्धन एवं असहाय छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। आयुष फामेर्सी कॉलेज एसोसिएशन द्वारा बोर्ड के रजिस्ट्रार से व्यक्तिगत रूप से मिलकर एवं पत्राचार के माध्यम से संपर्क किया गया। जिसमें उनके कार्यालय पत्र संख्या -122 /बोर्ड /आयुष /फार्मे0 /उप0 / प्रशि0/ 2025 लखनऊ दिनांक 21/1/2025 द्वारा परीक्षाएं संपन्न कराने में रजिस्ट्रार द्वारा अपनी असमर्थता व्यक्त की गईक इसके संदर्भ में एसोसिएशन के पदाधिकारी की बैठक में आज सर्वसम्मति से यह निर्णय किया गया कि उपरोक्त समस्याओं के संदर्भ में आदरणीय प्रधानमंत्री जी, माननीय मुख्यमंत्री महोदय उत्तर प्रदेश सरकार, माननीय आयुष मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर तथा जनपद प्रभारी एवं वित्त मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री सुरेश खन्ना जी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उपरोक्त समस्याओं के समाधान के लिए निवेदन किया जाएगा ह्न उपरोक्त बैठक में सर्वश्री जयप्रकाश यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, जैनेंद्र कुमार मौर्य प्रदेश महासचिव।

# ठगे ठगे से महसूस कर रहे मिल्कीपुर के व्यापारी रिझाने में जुटे भाजपा के मंत्री विधायक व पदाधिकारी

**वेलकम इंडिया**



**अयोध्या।** मिल्कीपुर में चुनावी सरगमीयां तेज होते ही नेताओं, मंत्रियों की फौज व्यापारियों का वोट निकालने में जुट गई है। मिल्कीपुर तहसील में व्यापारीयों के हजारों वोटों पर सेंध न लगे इसके लिए भाजपा सरकार कई जतन जुटा रही है। आपको बता दें कि नगर पंचायत कुमारगंज के भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय कार्यकर्ता एवं बूथ अध्यक्ष अनिल अग्रहरि का सड़क दुर्घटना हो गया था। दुर्घटना में अनिल अग्रहरि गंभीर रूप से घायल हो गए तथा उनका इलाज सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में चल रहा है। व्यापारियों ने बताया कि विगत एक माह से कुमारगंज बूथ का भाजपा बूथ अध्यक्ष चारपाई पर पड़ा है, कोई भी मंत्री, विधायक, नेता उनसे मिलने नहीं आया ना ही उनका हाल-चाल जाना। जबकि इसकी जानकारी सभी को दे दी गई थी। भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता अनिल अग्रहरि ने बताया कि वह आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर है साइकिल से फेरी कर कबाड़ का काम करता है, पैर मैं चोट लग जाने के कारण परिवार के जीवन यापन में समस्या उत्पन्न हो गई तथा इलाज कराने में भी असमर्थ है। व्यापारियों का आरोप है कि जब-जब चुनाव नजदीक आते हैं, नेताओं को वोट की जरूरत पड़ती है तब तब व्यापारियों को याद किया जाता है अन्यथा नहीं। व्यापारियों ने बताया कि विधानसभा मिल्कीपुर के तहसील, थाना, ब्लॉक आदि सरकारी कार्यालयों में उनकी कोई सुनवाई नहीं होती। व्यापारी दुकान छोड़कर ब्लॉक, थाना, तहसील आदि का चक्कर लगाता रहता है और उसका काम नहीं होता बल्कि व्यापारी जानकर उसका उत्पीड़न किया जाता है।

# तीनों निकाय सीटों में हुआ 67.19 फीसदी मतदान



**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर।** जनपद में एक नगर पालिका व दो नगर पंचायत अध्यक्ष पदों के लिए चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया है। कुछ मतदान केंद्रों में सायं पांच बजे बाद भी मतदाताओं की कतार दिखाई दी। सुबह के समय कम मतदाता अपने मतदान केंद्रों में पहुंचे। ज्यों ज्यों दिन चढ़ता रहा मतदान केंद्रों में कतारें भी लंबी होती रही। कपकोट में मतदाताओं का काफी उत्साह देखा गया। 10बजे के बाद 12 बजे हुए जारी हुए मतदान की अपडेट में कपकोट में सर्वाधिक मतदान हुआ। जनपद के 36 बूथों में प्रातः आठ बजे से मतदान प्रारंभ हुआ। दस बजे मतदान प्रतिशत में बागेश्वर नगर पालिका बूथ में 11.22 फीसदी, गरूड़ में 14.89 फीसदी व कपकोट नगर पंचायत में 12.87 फीसदी मतदान हुआ था। दस बजे से जनपद में 12.99 फीसदी मतदान हुआ था। इसके बाद कंटोल रूम द्वारा जारी अपडेट के अनुसार कपकोट में मतदाताओं में काफी उत्साह दिखा। कपकोट के बूथों में सुबह दस बजे बाद ही मतदाताओं की लंबी कतार देखी गई। जो कि हर अपडेट में देखी गई।

# बॉर्डर सीमा क्षेत्र के अन्तर्गत अतिक्रमण मुक्त कराए जाने को लेकर डीएम ने बैठक




**वेलकम इंडिया**

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को सीमा क्षेत्र में अतिक्रमण को मुक्त कराए जाने को लेकर सिद्धार्थ सभागार में बैठक हुई। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय के आदेश अनुसार बॉर्डर क्षेत्र की पांच मीटर की परिधि को अतिक्रमण मुक्त करना है। पुलिस व एसएसबी के जवानों के सहयोग से अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। इसके लिए दुकानदारों को नोटिस निर्गत कर कार्रवाई करें। धारा 67 की कार्रवाई जो पूर्ण हो चुकी है, उसको 15 दिवस के अंदर अतिक्रमण मुक्त कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी नौगढ़ और उप जिलाधिकारी शोहरतगढ़ को निर्देश देते हुए कहा कि 15 दिवस के अंदर समस्त कार्रवाई पूर्ण कराए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य व उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ राहुल सिंह, एसएसबी कमांडेंट उज्जवल दत्त आदि मौजूद रहे।

# यूपी दिवस पर हिंदी भवन में आज होगा कार्यक्रम

गाजियाबाद। यूपी दिवस पर शुक्रवार को प्रशासन की तरफ से लोहियानगर स्थित हिंदी भवन में कार्यक्रम होगा। सुबह 11 बजे से देर शाम तक गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश के विकास और योजनाओं की जानकारियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसमें लोगों को बताया कि जाएगा कि वह लाभ किस तरह योजनाओं का उठा सकते हैं। किस योजना के लिए कौन से विभाग में आवेदन करना होगा यह जानकारी दी जाएगी। इसके बाद दोपहर तीन बजे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। यूपी दिवस पर सभी विभाग के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# केडब्ल्यू दिल्ली 6 मॉल पहुंची निगम की टीम, 216 दुकानों का हाउस टैक्स बकाया



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** संपत्ति कर न चुकाने पर नगर निगम सख्ती से कार्रवाई कर रहा है। ऐसे लोग बकाया जमा नहीं किया है, उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं। साथ ही चेतावनी भी दी जा रही है नोटिस मिलने के बाद भी बकाया जमा नहीं करने पर सील की भी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम लगातार हाउस टैक्स वसूली को बढ़ाने में जुटा हुआ है। इसी क्रम में जोनल प्रभारी सिटी जोन महेंद्र द्वारा गुरुवार को राज नगर एक्सटेंशन पहुंचकर बड़े बकाएदारों पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गई। जिसमें केडब्ल्यू दिल्ली 6 मॉल को भी बकाया जमा ना होने पर चेतावनी दी गई। मॉल में करीब 467 दुकाने हैं। जिसमें से 251 का हाउस टैक्स जमा हो चुका है 216 दुकानों पर लगभग 50 लाख का बकाया है। जिसको दो दिन के भीतर जमा करने के लिए संबंधित दुकानदारों को चेतावनी दी गई। बकाया जमा न करने की दशा में सीलिंग की कार्यवाही की जाएगी। राजनगर एक्सटेंशन में स्थित जीएनबी मॉल पर भी सिटी जोन की टीम द्वारा हाउस टैक्स वसूली के लिए दो दिन के भीतर कर जमा करने के लिए कहा गया।

# शहीद इंस्पेक्टर सुनील कुमार को दी गई भावभीनी विदाई



**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार**



**मेरठ :** पुलिस लाइन में गुरुवार को शहीद इंस्पेक्टर सुनील कुमार के पार्थिव शरीर को पूरे सम्मान के साथ श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान पुलिस और यूपी एसटीएफ के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। शहीद इंस्पेक्टर को अंतिम विदाई देने के लिए मेरठ जोन के एडीजी डीके ठाकुर, डीआईजी कलानिधि नैथानी, डीआईजी अभिषेक सिंह और एसएसपी एसटीएफ घुले सुशील चंद्रभान समेत कई आला अधिकारियों ने कंधा देकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलिस लाइन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सुनील कुमार के परिजन भी उपस्थित थे। सभी की आंखें नम थीं, और माहौल बेहद भावुक हो गया। शहीद इंस्पेक्टर को श्रद्धांजलि देने के लिए पुलिसकर्मियों की लंबी कतार लगी रही। पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि सभा के बाद पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव मसूरी ले जाया गया। थाना इंचौली स्तिथ शहीद के पैतृक मसूरी गांव में भी शहीद सुनील कुमार को श्रद्धांजलि दी गयी। पूरे गांव में गमगीन माहौल था। उनके अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। गांव के लोगों ने शहीद के परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। शहीद सुनील कुमार एसटीएफ में तैनात थे और ड्यूटी के दौरान उनकी जान गई। उनकी शहादत पर पूरा प्रदेश गमगीन है। उनकी बहादुरी और देशभक्ति को हमेशा याद किया जाएगा। अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव मसूरी में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इस दुखद मौके पर अधिकारियों ने कहा कि सुनील कुमार ने देश और समाज की सेवा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनका यह बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और उनकी वीरता को हमेशा याद रखा जाएगा। पुलिस विभाग ने उनके परिवार को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।

# पेड़ की डाल गिरने से टूटा विद्युत पोल, मां-बेटे की मौत

**अयोध्या (वेलकम इंडिया)**

**मिल्कीपुर।** थाना कुमारगंज के उधारनपुर गांव में नीम का पेड़ काटते समय विद्युत तार पर पेड़ की डाल गिर गई, जिससे एक विद्युत पोल टूट कर गिर गया। पोल के नीचे दबकर मां बेटे की मौत हो गई। पुलिस ने नायब तहसीलदार की मौजूदगी में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पेड़ काटते समय ग्रामीणों ने चेतावनी दी थी कि पेड़ टूटकर विद्युत तार पर गिर जाएगा, लेकिन ठेकेदार ने उनकी एक न सुनी। उधारनपुर गांव निवासी रमजान ने अपना नीम का दो पेड़ रहमानीगंज निवासी ठेकेदार शिवकुमार को बेचा था। बुधवार दोपहर ठेकेदार पेड़ कटवा रहा था, अचानक पेड़ कटकर वहां से गुजर रही गांव की विद्युत लाइन पर गिर गया। इसके चलते वहां से करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित एक विद्युत पोल भी टूटकर गिर गया। यह पोल गांव निवासी रहीश (52) पुत्र करिया के घर के सामने था। मौके पर वह अपनी मां वहीदुल निशा (70) पत्नी करिया के साथ घर के बाहर बैठे हुए थे, दोनों ही टूटे विद्युत पोल के नीचे आ गए और उसके नीचे दबकर मां बेटे की मौत हो गई।

# गंगा एक्सप्रेसवे की आड़ में खनन माफियाओं के द्वारा अवैध मिट्टी खनन का गोरख धंधा जारी

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण कार्य मिट्टी खनन माफिया के लिए दुधारू गाय हो रहा साबित। रात्रि होते ही मिट्टी खनन माफिया अपने गोरख धंधे को अंजाम देना कर देते हैं शुरू।

और संबंधित विभागीय अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी बने हुए हैं अनजान। सूत्रों की माने तो संबंधित विभागीय अधिकारियों से यदि कोई व्यक्ति इन अवैध मिट्टी खनन माफिया के गोरख धंधे की शिकायत करता है। तो खुद अधिकारी ही इन मिट्टी खनन माफियाओं को शिकायतकर्ता का नाम पता मोबाइल नंबर तक बता देते हैं। और अवैध मिट्टी खनन के गोरख धंधे में लिप्त लोग सतर्क होने के साथ शिकायतकर्ता को किसी भी झूठे मुकदमे में फसाने के लिए रूपरेखा तैयार करने में जुट जाते हैं। इन सभी तथ्यों के मद्देनजर संबंधित विभागीय अधिकारियों की इन अवैध मिट्टी खनन माफियाओं पर कर सरपरस्ती कहा जाए या अनदेखी।



# नेताजी की जयंती पर डीएम ने यातायात नियमों का दिया संदेश

**वेलकम इंडिया**

**सिद्धार्थनगर।** नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर 23 जनवरी, 2025 को जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों को एक साथ मानव श्रृंखला में सम्मिलित कराते हुए सड़क सुरक्षा शपथ दिलाये जाने का कार्यक्रम जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में विकास खण्ड नौगढ़ में आयोजित किया गया।

सड़क सुरक्षा के प्रति आमजनमानस में जागरूकता लाये जाने हेतु गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी उक्त कार्यक्रम के प्रारम्भ में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर श्रृद्धासुमन अर्पित किया गया। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने मानव श्रृंखला में उपस्थित बच्चों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक करते हुए निर्देशित किया गया कि निर्धारित आयु सीमा प्राप्त होने पर वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के उपरान्त ही वाहन का संचालन करें तथा वाहन संचालित करते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं व पीछे बैठक व्यक्ति को हेलमेट अवश्यक पहनेगे, लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करे। गलत दिशा में वाहन न चलाये। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करे। शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन नही चलायेगे। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम के अवसर पर उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य, क्षेत्राधिकारी नौगढ़ अरूणकान्त सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य, के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, अध्यापक आदि उपस्थित रहे।



# विद्युत विभाग व विजिलेंस की टीम ने गांव में पुलिस बल के साथ चेकिंग अभियान चलाया



**वेलकम इंडिया**

**सहारनपुर।** विधुत विभाग व विजिलेंस की टीम ने गांव में छापेमारी कर बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं के कांटे कनेक्शन विधुत विभाग व विजिलेंस की संयुक्त टीम ने गागलहेडी क्षेत्र में बिजली उपभोक्ताओं के विधुत कनेक्शनों को चेक किया विजिलेंस एवं विद्युत विभाग की छापेमारी अभियान से गांव वालों में हड़कंप मचा रहा विद्युत विभाग ने विधुत चोरी व बकायादारों व बिल जमा ना करने वालो के विरुद्ध चलाया विशेष चेकिंग अभियान। सहारनपुर मुख्य अभियंता सुनील कुमार अग्रवाल व अधीक्षण अभियंता व संजीव कुमार अधिशासी अभियंता सहारनपुर के निर्देशन में विद्युत विभाग व विजिलेंस की टीम तथा पीएसी बल के साथ चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग अभियान में लगभग 30 एफ आई आर की गई बिजली चोरी रोकने के लिए कैलाशपुर एसडीओ अंकित त्यागी के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम ने कई गांव में एक साथ मिलकर छापामारी की कई घंटे चले इस अभियान के दौरान उपभोक्ताओं को मीटर से अलग केबिल डाल कर विद्युत चोरी करते पकड़े गए लोगों के विरुद्ध विभाग द्वारा कानूनी कार्यवाही की जा रही है इस दौरान बकायेदारों को समय पर बिजली का बिल जमा करने को कहा गया। बिजली जमा न करने वालो को कनेक्शन काटने की चेतावनी दी गई।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती मनाने के साथ सड़क सुरक्षा माहह्व के अंतर्गत निकाली सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती कॉलेज के शिक्षकों छात्रों एवं कार्यालय स्टाफ ने धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने नेताजी से संबंधित अनेक संस्मरण सुनाए तथा उन्हें नमन करते हुए समस्त स्टाफ एवं छात्रों ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान विद्यालय के लगभग 3000 छात्रों एवं शिक्षकों ने एक मानव श्रंखला का निर्माण कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसके उपरांत विद्यालय के एन सी सी कैडेट्स के द्वारा शासन के आदेशों के क्रम में सड़क सुरक्षा जागरूकता माह 1 जनवरी से 31 जनवरी के अन्तर्गत कॉलेज के प्रधानाचार्य सतीश चंद अग्रवाल एवं 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह के निर्देशन में कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर एवं ले० राजीव जांगिड़ ने एन सी सी कैडेट्स एवं छात्रों को यातायात संबंधित सूक्ष्म जानकारियों से अवगत कराते हुए सभी को ट्रैफि क नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया तथा एक जागरूकता रैली निकाली। कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य टी पी सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया तथा छात्रों एवं एन सी सी कैडेट्स को सड़क सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए उन्हें सड़क के नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया तथा यातायात संबंधी जागरूकता शपथ दिलायी।कार्यक्रम के दौरान लेफि्टनेंट राजीव कुमार एवं कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने सभी कैडेट्स एव छात्रों से यातायात के नियमों का पालन करने एवं दूसरो को भी पालन कराने के लिए प्रेरित करने हेतु प्रेरित किया तथा इस दौरान बगैर हेलमेट पहने सड़क पर चलने वाले दुपहिया वाहनों को रोक कर उन्हें पुष्प भेंट कर एवं माला पहनाकर हेल्मेट अवश्य पहनने के लिए प्रेरित किया गया तथा सभी से यातायात नियमों का अनुपालन करने की अपील की।इस अवसर पर आर के सिंह,दिनेश कुमार,शरद कुमार बाजपेई,वाइसी शर्मा,प्रयास शर्मा ,संजीव कुमार, बलराम सिंह,डॉ नीतू,वर्षा चौधरी, कृष्ण गोपाल, राजीव कुमार, सोमवीर ,गौरव त्यागी, संजीव कुमार,राजीव सिंह ,डॉ पूनम वशिष्ठ, सीमा सिंह ,अनीता अग्रवाल, कामिनी, रूमा चौधरी, सुधीर शर्मा,इरशाद, धरमवीर, अजय कुमार, सुशील हरित,राहुल त्यागी के साथ विद्यालय के समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

## महानायक सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती का आयोजन

**मोदीनगर।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती का भव्य आयोजन किया गया। पराक्रम दिवस के उपलक्ष में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, लेखन प्रतियोगिता,चित्रकला प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुभाष चंद्र बोस को याद करते हुए श्रद्धांजलि देने हेतु उनकी प्रतिमा पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी जी ने माल्यार्पण की। कार्यक्रम के अंतर्गत खेल दिवस में प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा प्रदान किए गए।विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के उच्च विचारों उनके साहस और समर्पण को नमन करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को एक साथ मिलकर आगे बढ़ने का संकल्प दिलाया।विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी ने सभी विद्यार्थियों को देश प्रेम एवं देश की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया ।

# नेताजी जी की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** मुल्तानी मल मोदी डिग्री कॉलेज में रोवर्स एवं रेंजर्स दल राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में सभागार कक्ष में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत नेताजी की तस्वीर पर पुष्पांजलि एवं दीपांजलि से हुई। रेंजर्स प्रभारी डॉ सुनीता सिरोही ने संचालन करते हुए पराक्रम दिवस पर प्रकाश डाला। विशिष्ट वक्ता के तौर पर इतिहास विभाग के डॉ विवेकशील ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवन परिचय उनके कार्यों आदि पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शासनादेश अनुसार सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता पर एक शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात महाविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण कर सड़क सुरक्षा पर जागरूकता का संकल्प लिया गया।

इस पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रो मयंक त्यागी डॉ विजय बहादुर त्रिपाठी एनसीसी प्रभारी डॉ मुकेश कुमार, रोवर्स प्रभारी श्रीमनजीत, डॉ कुमकुम सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ सुजाता श्री विशाल श्री संजय एवं श्री विजय समेत अनेको विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में छापेमार अभियान

वेलकम इंडिया



**प्रयागराज।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन श्री भानु भास्कर व डीआईजी महाकुम्भ श्री वैभव कृष्णा के निर्देश पर आगामी मौनी अमावश्या पर्व पर अग्निदूघटना घटित ही न हो,इस उद्देश्य के लिए मुख्य अग्निशमन अधिकारी महाकुम्भ श्री प्रमोद प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में इंडियन आयल के, उत्कृट के.एम ठाकुर एवं अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में छापेमार कार्यवाही करते हुए मेला क्षेत्र में अवैध रुपए से प्रयोग में लाये जा रहे गैस सिलेंडर को पकड़ कर अग्निदुर्घटना रहित महाकुम्भ सम्पन्न कराने की दिशा में माननीय मुख्यमंत्री जी की अपेक्षाओं के अनुरूप जन सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए अत्यंत ही सराहनीय कार्य किया गया जिसकी महाकुम्भ के संत महात्माओ, अधिकारियों व प्रबुद्द जनो ने भूरी भूरी प्रसंशा करते हुए अनवरत अभियान जारी रखे जानवर की मांग की है जिससे अग्निदुर्घटना रहित महाकुम्भ सम्पन्न कराया जा सकें।

# भारतीय किसान यूनियन (किसान सभा) द्वारा एसीपी को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** भारतीय किसान यूनियन (किसान सभा) द्वारा वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्येंद्र त्यागी की अध्यक्षता एवं जिला अध्यक्ष अरुण कसाना के नेतृत्व में सहायक पुलिस आयुक्त तहसील मोदीनगर पर क्षेत्र में हो रही किसानों की ट्यूबवेलों पर चोरी, मोहमदपुर आमद बागपत थाना निवाड़ी द्वारा किसानों पर गलत मुचलके किए जाने के विरोध में और ग्राम सारा में दबंगों द्वारा महिलाओं से दुष्कर्म करने की कोशिश करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग एवं अन्य विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया जिसमें किसानों के बीच एसीपी पहुंचे और कार्यवाही का आश्वासन दिया।भाकियू किसान सभा के पाधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कार्यवाही न किए जाने पर आने वाली 28 जनवरी को बड़ी पंचायत तहसील कार्यालय में जाएगी और अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा।इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष देवव्रत धामा, युवा प्रदेश अध्यक्ष विनीत त्यागी सौंदा, युवा प० प्रदेश महासचिव गौरव त्यागी मण्डल उपाध्यक्ष हैपी त्यागी, जिला प्रभारी रोहित त्यागी, युवा जिला अध्यक्ष आशु त्यागी, जिला महासचिव योगेश सिरोही, युवा जिला उपाध्यक्ष इरफान ठेकेदार, शहजाद झालावा, आदि किसान मौजूद रहे।

## पराक्रम दिवस पर मेवाड़ में नेताजी सुभाष जयंती समारोह आयोजित

**गाजियाबाद।** वसुंधरा सेक्टर-4 सी स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पराक्रम दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित समारोह में विद्यार्थियों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को देशभक्तिमय बना दिया। क्या भाषण और क्या कविता, एक से बढ़कर एक थीं। वंदेमातरम व जय हिन्द के जयघोष से समारोह गुंजायमान रहा। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने कहा कि नेताजी सुभाष कभी मर नहीं सकते, वह अमर हैं, अमर रहेंगे। नौजवानों में एकता का जज्बा नेताजी के देशहित में किये गये कार्यों से ही भरा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि देश के नेता सिर्फ एक ही रहेंगे और वह हैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस। उन्होंने दावा किया कि अगर नेताजी होते तो हमें पूरा अखंड भारत मिलता। बर्मा, भूटान और पाकिस्तान नहीं बनता। अगर नेताजी का रंगून रेडियो पर दिया गया भाषण सुन लिया जाए तो पता चलता है कि नेताजी अखंड भारत पाने के लिए कितना संघर्षरत थे।

# सुभाष चंद्र बोस जयंती की 128 वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास से मनाई




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज मोदीनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चलने वाले ₹सड़क सुरक्षा अभियान₹ के अंतिम दिवस एवं ₹पराक्रम दिवस₹ के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। पराक्रम दिवस के अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती की 128 वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. पूनम शर्मा ने नेताजी को माल्यार्पण अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा छात्राओं को उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। इसी के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बी एवं इकाई सी की कार्यक्रम अधिकारी सूश्री शालू देवी एवं श्रीमती राखी शर्मा ने सड़क सुरक्षा अभियान पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की। जिसमें दोनों इकाइयों की स्वयं सेविकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ उच्च माध्यमिक विद्यालय, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा, श्रीमती पुष्पा रानी ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन वृतांत व उनके भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

# बीकेडी में कर्तव्यबोध दिवस आयोजित



वेलकम इंडिया

**झांसी!** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ एवं बुन्देलखण्ड कॉलेज, झांसी के संयुक्त तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में कर्तव्यबोध दिवस का आयोजन स्वामी विवेकानंद सभागार बुन्देलखण्ड कॉलेज, झांसी में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. टी. के. शर्मा, प्राचार्य बिपिन बिहारी कॉलेज, झाँसी, विशिष्ट वक्ता डॉ. सुरेंद्र नारायण ह्यसक्षमह्य प्रांत उपाध्यक्ष, कानपुर प्रांत एवं अध्यक्षता प्रो. एस.के. राय, प्राचार्य, बुन्देलखण्ड कॉलेज, झांसी ने किया। मुख्य वक्ता ने नेताजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र प्रथम की परिकल्पना पर हर एक नागरिक को कार्य करते हुए अपने नागरिक कर्तव्य से पूर्ण रहना चाहिए।

विशिष्ट वक्ता ने कहा कि शिक्षक, विद्यार्थियों के साथ-साथ नागरिकों के चरित्र निर्माण में योगदान करता है इसलिए शिक्षक सेवा नहीं है बल्कि दायित्वबोध का वाहक है।

## हर महिला को जाननी चाहिए सर्वाइकल कैंसर से जुड़ी यह महत्वपूर्ण बातें

**झांसी!** सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय के निचले भाग (जिसे सर्विक्स कहते हैं) को प्रभावित करता है और कई बार योनि के ऊपरी भाग तक फैल जाता है। यह स्थिति तब विकसित होती है जब सर्विक्स की सतह पर कोशिकाएं ह्यूमन पैपिलोमावायरस (ल्ढश) से संक्रमित हो जाती हैं। समय के साथ ये कोशिकाएं असामान्य रूप से बढ़ने लगती हैं, जिससे सर्वाइकल कैंसर हो सकता है भारत में यह महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बाद दूसरा सबसे सामान्य कैंसर है और विश्व स्तर पर यह महिलाओं में दूसरा सबसे अधिक होने वाला कैंसर है सर्वाइकल कैंसर के शुरूआती चरण में कोई लक्षण दिखाई नहीं देते, लेकिन जैसे-जैसे यह बढ़ता है, इसके लक्षण स्पष्ट होने लगते हैं। इनमें असामान्य रक्तस्राव, जैसे संभोग के बाद, मासिक धर्म के बीच, अत्यधिक मासिक धर्म या रजोनिवृत्ति के बाद रक्तस्राव शामिल हो सकता है।

# अतिक्रमण को लेकर कैंट बोर्ड सीईओ ने दिए कड़े निर्देश, राजस्व कर्मियों ने बाजारों किया एनाउंसमेंट

वेलकम इंडिया

**मेरठ।** कैंट बोर्ड सीईओ के निर्देश पर आज अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत सदर के विभिन्न इलाकों में राजस्व विभाग की टीम के आधा दर्जन से अधिक कर्मचारी ट्रैक्टर ट्रॉली पर निकले।

राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा माईक पर अनाउंसमेंट करते हुए सदर बाजार में दुकानों से बाहर रखे समान को अंदर रखने की चेतावनी देते हुए कहा आज विभाग द्वारा सभी दुकान दारो को बताया जा रहा है की कल से दुकान के बहार कोई सामान व होडिंग न रखें अन्यथा विभाग द्वारा सामान जब्त कर लिया जायेगा। वहीं इस चेतावनी के दौरान कैंट बोर्ड की टीम को देख कर दुकानदारों में हड़कंप मच गया बहार रखें सामन को उठाना शुरू कर दिया। कैंट बोर्ड का दस्ता सदर शिव चौक से काली मंदिर होते हुए चौक बाजार हनुमान चौक से शिव चौक व आबूलेन मार्केट व सदर दाल मंडी के अलावा विभिन्न इलाकों में कड़ी चेतावनी के साथ अभियान चलाया गया वहीं उन्होंने बताया दुकानदार अपनी दुकानों के आगे सामान रखकर बैठ जाते हैं जिससे हर समय जाम लगा रहता है। उन्होंने बताया आज चेतावनी दी गई है कल से दुकानों के बाहर सामान व अतिक्रमण पाया गया तो कड़ी कार्रवाई के साथ सामान जब्त किया जायेगा।



# समाजवादी पार्टी का नगर पंचायत कुमारगंज में चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

वेलकम इंडिया

मिल्कीपुर अयोध्या। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत कुमारगंज में समाजवादी पार्टी का कार्यालय खुला कार्यालय का उद्घाटन मोहनलालगंज के सांसद वह पूर्व मंत्री आरके चौधरी व गोण्डा कटरा विधायक बैजनाथ दूबे एवं पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने किया। सांसद आरके चौधरी ने कहा कि मिल्कीपुर की जनता समाजवादी पार्टी के साथ है, सत्ताधारी पार्टी चाहे जितना जोर लगा लें समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजीत प्रसाद को चुनाव जीतने से कोई रोक नहीं पाएगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा विधायक बैजनाथ दुबे ने कहा कि भाजपा सरकार में ब्राह्मणों का उत्पीड़न हो रह है, फर्जी एनकाउंटर हो रहा है। मिल्कीपुर का ब्राह्मण भी मन बना चुका है, और सभी वर्ग के लोग समाजवादी पार्टी को वोट करेंगे। पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने कहा कि मिल्कीपुर के सभी वर्गों के लोक सपा को वोट कर रहे हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव मिल्कीपुर चुनाव के प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष रामजी पाल, बैजनाथ मिश्रा, मेघवाल गौतम, कार्यालय प्रभारी राम तेजपाल, व गया प्रसाद , इंडिया गठबंधन कांग्रेस के मीडिया प्रभारी संजय तिवारी, वेद प्रकाश पांडे ,अम्बरीष पाण्डेय, दिनेश शुक्ला , विकास सिंह विक्की , मदन यादव , धर्मेंद्र यादव सहित भारी संख्या में तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## सुभाष चन्द्र बोस जी की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन



**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जनपद गाजियाबाद के अध्यक्ष दया शंकर सक्सेना के निवास स्थान अजनारा इन्टीग्रिटी, राजनगर एक्सटेंशन, में नेताजी श्री सुभाष चन्द्र बोस जी की जयंती के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उनके फोटो पर माल्यार्पण एवं श्री चित्रगुप्त जी की स्तुति के साथ साथ उपस्थित सदस्यों का परिचय एवं नेताजी के विचारों के बारे में प्रकाश डाला गया। सदस्यों ने देश हित में कायस्थ समाज को मजबूत करने के लिए आवश्यक बताया।कार्यक्रम में अध्यक्ष दया शंकर सक्सेना के साथ उपाध्यक्ष विद्या भूषण सक्सेना, अतुल भटनागर, आस्था सौरखिया, दीप्ति श्रीवास्तव, अन्जू सक्सेना, प्रिंसी जौहरी, हरीश श्रीवास्तव, श्रीमती एवं राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, रंजना श्रीवास्तव, नीतू सक्सेना, निर्दोष सक्सेना, श्रीमती एवं किशोर कुमार श्रीवास्तव, अमरी जौहरी के अतिरिक्त अनेक पदाधिकारी व चित्रांश उपस्थित रहे।

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर छात्रों ने बनाई मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा की ली शपथ

## सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी का सीडीओ ने दिया संदेश

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर गुरुवार को शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद में काइस्ट (डीम्ड टू बी) यूनिवर्सिटी के प्रागंण में मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में लगभग 2500 छात्र-छात्राओं द्वारा मानव-श्रृंखला बनायी गई। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल द्वारा इस अवसर पर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई कि बिना वैध ड्राईविंग लाईसेंस के वाहन संचालित न करने, दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने एवं चार पहिया वाहन के संचालन के समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करने, शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन न चलाने, गलत दिशा में वाहन ना चलाने, तेज रफ्तार से वाहन न चलाने, लेन ड्राइविंग नियमों का पालन करने, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु सदैव तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया और कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। इसके साथ ही यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलायी गयी। अपर जिलाधिकारी (नगर) ने कहा छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा संबंधी यातायात नियमों का पालन करने के लिए जानकारी दी गई और अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा के बारे में नागरिकों में जागरूकता दिखायी दे रही है और ऐसे जागरूकता कार्यकम सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। एआरटीओ प्रशासन राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा हम सभी का सड़क पर यात्रा करते समय मूल मंत्र होना चाहिए। इस दौरान सीडीओ अभिनव गोपाल, अपर जिलाधिकारी (नगर) गंभीर सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात) जियाउद्दीन अहमद, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) केडी सिंह गौर, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) राहुल श्रीवास्तव, सहायक संभांगीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अमित राजन राय, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) मनोज कुमार मिश्रा, यात्री/ मालकर अधिकारी मनोज कुमार, राजेश्वर कुशवाहा, यात्री/मालकर अधिकारी, संभागीय निरीक्षक (प्रावि) प्रमोद कुमार गौतम, संभागीय निरीक्षक (प्रावि) विवेक खरवार, जिलापूर्ति अधिकारी अमित कुमार तिवारी, यातायात निरीक्षक संतोष चौहान के साथ-साथ कार्यालय के समस्त कर्मचारियों एवं अन्य समाज सेवी संस्थाओं व एनजीओ के प्रतिनिधित भी उपस्थित रहें।

# जनपद को अवैध शराब के कारोबार से मुक्त करने के लिए बॉर्डर पर 24 घंटे आबकारी विभाग का सख्त पहरा

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** जनपद में त्योहारी और चुनावी सीजन खत्म होने के बाद भी आबकारी विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। यूपी का एक ऐसा विभाग है जो, हर दिन शासन के अभियान से अलग खुद के नए अभियान के साथ जिले में लगातार कार्रवाई और आमजन की सुरक्षा के लिए सड़कों पर मौजूद रहता है। अन्य विभाग भले ही त्योहार और चुनाव सीजन में ही सजग रहते है। मगर आबकारी विभाग इन सबसे अलग रहकर अपनी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अलग पहचान बनाए हुए है।

वहीं दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर शराब तस्करी को रोकने के लिए जिले में दो चेक पोस्ट स्थापित किए है। जिससे कि दिल्ली विधानसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने में अपनी भूमिका को दर्शा सकें। जिसके लिए जिले में आबकारी विभाग की टीमें 24 घंटे दोनों चेक पोस्ट पर 8-8 घंटे की शिफ्ट में पहरा दे रही है। जो कि सर्दी हो या फिर गर्मी अपनी चिंता को छोड़कर दुसरे की चिंता में हमेशा व्यस्त नजर आती है। खुद के परिवार को छोड़कर दुसरे के परिवार को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से यह टीमें कभी शराब तस्करों के ठिकानों पर छापेमारी और तो सड़कों पर 24 घंटे अवैध शराब की तलाश में रहती है। आबकारी विभाग निरंतर कड़ी कार्रवाई कर शराब तस्करों को सबक सिखाने में लगा है। इससे तस्करों का नेटवर्क बिखरने के अलावा उनके हौसले भी पस्त होते दिखाई दे रहे हैं। जनपद गाजियाबाद हमेशा शराब तस्करों का पसंदीदा स्थल रहा है। गाजियाबाद में हरियाणा और पंजाब तक की शराब तस्करी कर लाई जाती रही है। विभिन्न रास्तों से शराब तस्कर जिले में प्रवेश करते रहे हैं। अवैध शराब की बिक्री से आबकारी विभाग को राजस्व का भी नुकसान उठाना पड़ता है। वर्तमान में शराब तस्करों का नेटवर्क तोडे के लिए विभाग मुस्तैदी से काम कर रहा है। इसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं।

# वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी की अनुमति से डा. रामकरण निर्मल के निर्देश पर ठाकुर अतुल सविता जी को समाजवादी लोहिया वाहिनी जिला आगरा के जिला मीडिया प्रभारी पद पर मनोनीत किया गया है। इनके मनोनयन पर महेंद्र पाल सिंह, पूर्व पार्षद राहुल चौधरी, बलवेन्द्र सिंह जाटव, राजीव सविता, भारत राठौर, साहिल राठौर सुमित यादव आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

# नोएडा एडिशनल कमिश्नर शिव हरि मीणा पुलिस टीम के साथ भीड़ भाड़ वाले सभी इलाकों का ले रहे जायजा



**वेलकम इंडिया**

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर ।** जिला गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में आगामी गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था शिवहरी मीणा के नेतृत्व में समस्त कमिश्नरेट में चैकिंग करायी जा रही है जिसमें अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था द्वारा डीसीपी नोएडा रामबदन सिंह व एडीसीपी नोएडा मनीष कुमार मिश्र, एसीपी ट्रैफिक और एसीपी द्वितीय नोएडा के साथ, बस स्टैंड, मेट्रो स्टेशन ,मॉल व अन्य भीडभाड वाले स्थानों पर चैकिंग की गयी तथा संदिग्ध प्रतीत हो रहे वाहनों और व्यक्तियों को रोककर उनकी तलाशी ली जा रही है नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। उनके द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क होकर ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी बार्डरो पर पुलिस फोर्स तैनात करते हुये रूट डायवर्जन का प्लान तैयार किया गया है। जितने भी रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन है वहां मोबाइल डयूटी लगायी गयी है। इसके अतिरिक्त 09 स्थानों पर एंटी ड्रोन सिस्टम के तहत सिक्योरिटी टीम व स्पेशल टॉस्क फोर्स लगायी गयी है। साथ ही ट्रेफिक सिस्टम भी सुचारू रूप से चलता रहे ऐसी सभी व्यवस्था करायी जा रही है।

# वीएमसी ने जारी करी अपने नेशनल एडमिशन टेस्ट की तारीख

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** विद्यामंदिर क्लासेज (वीएमसी) देश का जाना-माना कोचिंग संस्थान है जो जेईई (मेन व एडवांस), नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में विशिष्टता रखता है. वीएमसी अपने फ्लैगशिप टेस्ट यानी एनएटी के लिए तैयार है जिसके जरिए छात्र एडमिशन और स्कॉलरशिप पा सकेंगे. ये टेस्ट 25 जनवरी को ऑनलाइन मोड में होगा जिसके जरिए देशभर के अच्छे छात्रों को प्रोत्साहित किया जाएगा और उनकी परफॉर्मेंस के लिए रिवॉर्ड भी दिया जाएगा। यह स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट छात्रों को प्रोत्साहित करने और उन्हें शैक्षिक सफलता की ओर प्रेरित करने के लिए आयोजित किया जाएगा। यह परीक्षा उन छात्रों के लिए है जो कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं, 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं में जा रहे हैं। उन्हें विद्यामंदिर क्लासेज के विभिन्न प्रोग्राम्स में दाखिले और 100त्न तक की स्कॉलरशिप पाने का अवसर मिलेगा। इस टेस्ट के माध्यम से छात्र जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं की तैयारी में भी बढ़त हासिल करेंगे। इसके तहत वीएमसी संस्थापकों और विशेषज्ञों द्वारा मेंटॉरशिप/ मोटिवेशनल सेशंस, निःशुल्क डाउट रिजॉल्यूशन, निकटतम वीएमसी केंद्र पर अकादमिक सहायता, अच्छी तरह से शोधित और वैज्ञानिक आधार पर तैयार किया गया ई-स्टडी मैटेरियल और असीमित मॉक टेस्ट का लाभ भी दिया जाएगा।

## ग्रेनो प्राधिकरण सीईओ साहब का प्रयास

# बोर्ड में पास होते ही शाहबेरी से लेकर गाजियाबाद क्रॉसिंग तक जल्द ही बनेगा एलिवेटेड

**वेलकम इंडिया**




**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-4 शाहबेरी गांव के पास से गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक तक प्रस्तावित एलिवेटेड रोड की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का कार्य अब प्रारंभ हो गया है।

केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) की टीम ने पहले ही स्थलीय निरीक्षण और परियोजना से संबंधित अध्ययन कर लिया है। इस परियोजना से जाम की समस्या का स्थायी समाधान होने की उम्मीद है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के शाहबेरी से क्रॉसिंग रिपब्लिक की ओर जाने वाली सड़क पर ट्रैफिक का दबाव काफी बढ़ गया है, जिससे अक्सर लंबा जाम लग जाता है। इस समस्या के समाधान के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एलिवेटेड रोड के निर्माण का निर्णय लिया है। यह परियोजना स्थानीय निवासियों के लिए राहत प्रदान करेगी। सीआरआरआई ने ट्रैफिक का सर्वेक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है, जिसके लिए 19 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। सीआरआरआई ने शाहबेरी गांव के पास से एलिवेटेड रोड के दो डिजाइन का सुझाव दिया है।

डीपीआर तैयार होने के बाद, परियोजना की लागत, सटीक लंबाई और निर्माण कार्य की समय सीमा का पता चलेगा। इसे प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में रखा जाएगा और मंजूरी मिलने के बाद शासन को भेजा जाएगा। इसके बाद निर्माण के लिए एक एजेंसी को नियुक्त कर कार्य शुरू किया जाएगा।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने मनाई सुभाष चंद्र बोस की जयंती



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई। इस दौरान जिलाध्यक्ष बाल किशन गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारी रमतेराम रोड स्थित कंपनी बाग पहुंचे, जहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया। जिलाध्यक्ष बाल किशन गुप्ता ने कहा कि नेताजी ने तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देकर देश के सभी वर्गों को जोड़ा था, जिन्हेंने देश की आजादी की क्रांति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। देशवासियों से उनके आदर्शों पर चलकर सदैव कर्तव्य का पालन करना चाहिए। इस दौरान पंडित अशोक भारतीय ने कहा कि नेता जी के विचारों को स्कूली पुस्तकों में शामिल करते हुए बच्चों को देशप्रेम के प्रति जागरूक करना चाहिए।

# मुठभेड़ में चोरी की बाइक और हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर** नोएडा पुलिस ने एक इनामी शूटर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लगी है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ चल रही है।

यूपी के नोएडा में पुलिस ने एनकाउंटर में 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लगी है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार को थाना सेक्टर 39 पुलिस की तरफ से दादरी रोड के शशी चौक कट पर चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान बिना नंबर की बाइक से एक शख्स आते हुए दिखा। रोकने का इशारा करने पर जब वह नहीं रुका तो पुलिस ने उसका पीछा किया। नोएडा के सेक्टर-42 के जंगलो में अपने आप को घिरता देख बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दिया। जवाबी कार्रवाई में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया।

इसकी पहचान सिकंदर उर्फ सतेन्द्र निवासी गांव बरगांवा थाना पिसावा जिला सीतापुर के रूप में की गई है। वह वर्तमान समय में प्रहलादपुर दिल्ली में रहता है।

# एडीएम सिटी ने ली नॉर्को-आर्डिनेशन मैकेनिज्म (एनसीओआरडी) की बैठक

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** जनपद में नशा मुक्ति के लिए नशे के विरूद्ध अभियान चलाने के साथ स्कूलों में भी नशे के विरूद्ध प्रतियोगिता आयोजित कराई जाए। गुरुवार को एडीएम सिटी गंभीर सिंह ने अपने कार्यालय में नॉर्को-आर्डिनेशन मैकेनिज्म (एनसीओआरडी) की बैठक करते हुए अधिकारियों को यह दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में निर्देश दिए कि जनपद में नशा उन्मूलन एवं जनजागरूकता अभियान चलाए जाए। ड्रग के विरोध में पैदल मार्च, दौड़, रैली निकाली जाए। एसएमएस, बैनर्स, पोस्टर्स, होर्डिंग आदि से इसके विरोध में प्रचार-प्रसार किया जाए। नशा विरोधी जगरूकता अभियान के अंतर्गत जागरूकता पखवाड़ा मनाए जाने के निर्देश दिए। स्कूल-कॉलेजों में एक दिन आवश्यक रूप से नशे के विरूद्ध जन जागरूकता अभियान चलाया जाए। जिसमें निबंध,वाद-विवाद, भाषण, चित्रकला आदि प्रतियोगिता आयोजित की जाए। एलईडी डिस्पले के माध्यम से नशा मुक्ति हेतु सूक्ष्म वीडियों, ऑडियों क्लिप्स के माध्यम से सभी बस स्टेशनों पर उद्घोषणा यंत्र द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने एवं परिवहन निगम के अनुबंधित ढ़ाबों पर भी नशा मुक्ति से संबंधित होर्डिंग,बोर्ड लगाए जाने के निर्देश दिए। जनपद में संघन चेकिंग अभियान चलाकर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाए। बैठक में पुलिस विभाग, औषधि निरीक्षक, कृषि विभाग, जीआरपी, परिवहन, वन विभाग, यातायात, आबकारी विभाग, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारियों/प्रतिनिधियों उपस्थित रहे।

# विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा विप्र समाज को तीन बच्चों पर रजत (चांदी) पदक , चार बच्चों पर स्वर्ण पदक से सम्मानित करेगा !

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने घोषणा करते हुए बताया कि विप्र समाज के परिवार में अधिक बच्चे हो आज ब्राह्मणों की संख्या कम हो रही है आने वाली पीढ़ी से अपील करते हुए कहा कि आप संख्या बढ़ाए आने वाली संताने इस देश में अपना नाम अपना समाज, अपना गोत्र, अपना सूत्र, सभी की रक्षा कर सकें सनातन की रक्षा तभी होगी तब ब्राह्मणों की संख्या पर्याप्त होगी बीके शर्मा हनुमान ने यह भी घोषणा की किसी भी विप्र परिवार में तीन बच्चे होने पर रजत (चांदी) पदक और चार बच्चों पर स्वर्ण पदक दिया जाएगा आज हमने अपने परिवार पर ध्यान देना बंद कर दिया है मैं यह भी बताना चाहता हूं कि यह योजना केवल विप्र समाज के लिए है इस योजना का मकसद केवल ब्राह्मण समाज की आबादी को बढ़ाना और बच्चों को सही शिक्षा और प्रशिक्षण दिया जाना विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में बच्चों को उच्च पदों पर लाने की कोशिश के लिए दिलो जान से सहायता करना बच्चों को जन्म देने वाली मात्र शक्तियों को गेहूं का आटा, गोंद, मखाने, सूखा नारियल का बुरादा, काजू, बादाम, सोंठ, अजवाइन, देसी घी, गुड़, खरबूजे की गिरी, आदि ताकत की सामग्री भी दी जाएगी, इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के संस्थापक उपाध्यक्ष पंडित आरसी शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव विनीत कुमार शर्मा, राष्ट्रीय सचिव योगेश दत्त गौड़, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष लोकेश कौशिक, संस्था के धमार्चार्य प्रमुख बृजकिशोर शर्मा बृजवासी, जिला अध्यक्ष अंकित शर्मा,मौजूद थे !

